# हरिभूमि

जबलपुर
शनिवार 20 दिसंबर, 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




लोकसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त, स्पीकर बिरला ने बुलाई बैठक

# कई अहम विधेयक पारित, राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर किए तीखे हमले
# 111 प्रतिशत रही सदन की उत्पादकता, सभापति ने भी दी माननीयों को नसीहत




शुक्रवार को लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, इसके साथ ही संसद के 19 दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए

**निचला सदन स्थगित**

**92** घंटे और 25 मिनट की कुल बैठक

**19** दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शुक्रवार को लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जिसके साथ ही संसद के 19 दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए, जिनमें 20 साल पुरानी मनरेगा को निरस्त करने वाला विधेयक और निजी भागीदारी के लिए नागरिक परमाणु क्षेत्र को खोलने वाला विधेयक भी शामिल है। शीतकालीन सत्र के दौरान कुल बैठक का समय 92 घंटे और 25 मिनट था। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपना संक्षिप्त विदाई भाषण पढ़ा, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही और सदस्य महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा करने के लिए देर रात तक बैठे रहे। इसके बाद उन्होंने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया, जिससे 1 दिसंबर को शुरू हुआ संक्षिप्त सत्र समाप्त हो गया।


लोकसभा अध्यक्ष के साथ सांसदों की बैठक का दृश्य

### 'वीबी-जी राम जी' विधेयक पास

इस सत्र के आखिरी दो दिनों में 'वीबी-जी राम जी' विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से पास हुआ है। इसको लेकर विपक्ष ने काफी विरोध किया है। इसके अलावा राज्यसभा में परमाणु ऊर्जा से संबंधित शांति विधेयक भी परित हो चुका है। शीतकालीन सत्र के दौरान वंदे मातरम से लेकर चुनाव प्रक्रिया में सुधार को लेकर लंबी बहस हुई थी। जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से एक-दूसरे पर काफी पलटवार हुए।

## अंतिम कार्यदिवस पर कोई विधायी काम नहीं हो पाया

अंतिम कार्यदिवस पर लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण कोई विधायी काम नहीं हुआ और स्पीकर ओम बिरला ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का ऐलान कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने अपने कक्ष में सांसदों को चाय पर आमंत्रित किया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव समेत विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे।



## विदाई भाषण पर विपक्ष ने लगाए 'महात्मा गांधी की जय' के नारे

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विदाई भाषण पढ़ रहे थे, तब कुछ विपक्षी सदस्य 'महात्मा गांधी की जय' के नारे लगाते हुए देखे गए। निचली सदन की कार्यवाही स्थगित होने के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे। शीतकालीन सत्र की 15 बैठकों के दौरान सदन में दो राजनीतिक रूप से संवेदनशील बहसें हुईं - एक वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर और दूसरी चुनाव सुधारों पर।

**ओपीएस बहाली का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं**

15 दिसंबर को लोकसभा में कुछ सवालों के जवाब में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) या यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए ओपीएस को बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

राहुल का मोदी सरकार पर बड़ा हमला

## 20 साल का मनरेगा एक दिन में ध्वस्त

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में खत्म कर दिया। राहुलने आरोप लगाया कि सरकार ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को बिना ठीक से जांच पड़ताल किए संसद से पारित करवा दिया।



### विधेयक को गांव विरोधी करार दिया

राहुल ने मनरेगा की नए विधेयक विकसित भारत जी राम जी को गांव विरोधी करार दिया और कहा कि पीएम मोदी के लक्ष्य साफ हैं, ग्रामीण भारत, खासकर पिछड़े वर्ग की ताकत को कमजोर करना, सत्ता का केंद्रीकरण करना और फिर नारों को सुधार के तौर पर बेचना। एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में ध्वस्त कर दिया। इसने अधिकार , मांग आधारित गारंटी को खत्म कर दिया है। यह डिजाइन से ही राज्य विरोधी और गांव विरोधी है।

पहले सत्र पर बोले सभापति राधाकृष्णान

**15 दिवसीय बैठकों का ब्योरा दिया**

## व्यवधान सांसदों की गरिमा के अनुरूप नहीं, 121 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की

राज्यसभा के सभापति सीपीराधाकृष्णन ने जी राम जी के पारित होने के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा किए गए आचरण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि व्यवधान संसद सदस्यों की गरिमा के अनुरूप नहीं है। राधाकृष्णन ने 15 दिनी बैठकों के दौरान कार्यों का संक्षिप्त ब्योरा देने के बाद उच्च सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। गुरुवार को विपक्षी सदस्यों द्वारा नारेबाजी करने, तख्तियां दिखाने, मंत्री के जवाब में बाधा डालने, कागज फाड़ने और उन्हें आसन के समक्ष फेंकने से जो व्यवधान पैदा हुआ।



### विपक्ष ने किया विधेयकों का विरोध


राज्यसभा ने गुरुवार को आधी रात के बाद 12 बज कर 35 मिनट तक बैठक कर 20 साल पुरानी ग्रामीण रोजगार योजना 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' (मनरेगा) को प्रतिस्थापित करने वाला विधेयक पारित किया, जिसके तहत अकुशल श्रम के लिए प्रति परिवार गारंटी वाले कार्यदिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। विपक्षी सांसदों ने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' से राष्ट्रपिता का नाम हटाए जाने का विरोध किया। सभापति ने कहा उच्च सदन का 269वां सत्र अत्यंत उत्पादक रहा और लगभग 92 घंटे की बैठकों के साथ 121 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की गई।

---

**खबर संक्षेप**


### उत्तराखंड में बाहरी निजी वाहनों पर ग्रीन सेस जल्द

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार 1 जनवरी से राज्य में बाहर से आने वाले निजी वाहनों पर 'ग्रीन सेस' वसूलने की व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसका मकसद पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और सड़क सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है। सीएम पुष्कर सिंह धामी की नाराजगी पर परीक्षण जारी है।




### जयपुर में 6.51 लाख के नकली नोट जब्त

**जयपुर।** क्राइम ब्रांच आयुक्तालय की सीएसटी टीम ने पुलिस थाना चित्रकूट क्षेत्र में जाली नोटों के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 6 लाख 51 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। साथ ही जाली नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी जब्त किए गए हैं।




### चाय और बिस्किट की आदत ने पहुंचाया जेल

**सूरत।** अक्सर कहा जाता है आरोपी कोई न कोई सुराग जरूर छोड़ देता है। एक बार फिर यह बात सही साबित हुई है। पत्नी की हत्या कर कई सालों से फरार चल रहा एक आरोपी आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। आरोपी की गिरफ्तारी उसकी आदत हुई। उसे रोज सुबह चाय के साथ बिस्किट खाने का शौक था।



### मुंबई मरीना के लिए 887 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्र ने मुंबई हार्बर में 887 करोड़ की लागत से एक विश्व स्तरीय मरीना विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है। इससे मुंबई में तटीय नौवहन, समुद्री पर्यटन और वॉटरफ्रंट के नेतृत्व वाले शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह पप्राइवेट इन्वेस्टमेंट को आकर्षित करेगा और इसके साथ ही 2,000 से ज़्यादा नौकरियां पैदा होंगी।



महिला वकील के कथित उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

# संबंधित अवधि के सीसीटीवी फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए, 'छेड़छाड़' न हो

केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोएडा के एक पुलिस थाने में महिला वकील से कथित हिरासत में यौन उत्पीड़न और अवैध नजरबंदी के गंभीर आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया है कि संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए। अदालत ने आदेश दिया कि फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए। कोर्ट ने शुरुआत में याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी, लेकिन आरोपों की गंभीरता और सीसीटीवीसे जुड़े मुद्दे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई का फैसला किया। इस पर अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान महिला वकील की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। पीठ ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद अब कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करेगा।

**7 जनवरी को होगी अगली सुनवाई**

अदालत ने पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया


सुप्रीम कोर्ट

### वरिष्ठ वकील ने बताया 'बेहद गंभीर मामला'

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इसे 'बेहद गंभीर और शर्मनाक' मामला बताया। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली से सटे नोएडा में इस तरह की घटना हो सकती है, तो देश के अन्य हिस्सों की स्थिति की कल्पना करना मुश्किल नहीं है।

### सीसीटीवी बंद करने का भी आरोप लगाया

याचिका में दावा किया गया है कि घटना के समय पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे जानबूझकर बंद कर दिए गए या हटा दिए गए, जो सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का सीधा उल्लंघन है। साथ ही आरोप लगाया गया कि पुलिस अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज करने से इनकार किया और पीड़िता को धमकियां दी गईं।


**एसआईटी या सीबीआई जांच की मांग**

याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जाएं और निष्पक्ष जांच के एि मामले को विशेष जांच दल (एसआईटी) या सीबीआई को सौंपा जाए।

**14 घंटे की अवैध हिरासत और उत्पीड़न का आरोप**

महिला वकील ने आरोप लगाया कि जब वह अपने मुवक्किल की ओर से कानूनी जिम्मेदारी निभा रही थीं, तब नोएडा के सेक्टर-126 थाने में उन्हें करीब 14 घंटे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया।

## 'सर तन से जुदा' का नारा भारत की संप्रभुता के लिए खतरा' और कानून को सीधी चुनौती


इलाहाबाद हाईकोर्ट

**इलाहाबाद हाई कोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

इलाहाबाद। यहा की हाई कोर्ट ने सितंबर 2005 में बरेली हिंसा में शामिल आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि 'गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा' का नारा लगाना कानून के अधिकार और संप्रभुता को सीधी चुनौती देना है और भारत की संप्रभुता और अंखडता के लिए गंभीर खतरा है, क्योंकि यह हिंसा और सशस्त्र विद्रोह को बढ़ावा देता है। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस तरह के नारे का प्रयोग न केवल भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 के तहत दंडनीय है,जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित है, बल्कि यह स्वयं इस्लाम के मूल सिद्धांतों के भी विरुद्ध है।

### इसे कानूनी व्यवस्था को चुनौती देने के बराबर बताया

हाई कोर्ट ने टिप्पणी की 'गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा' का नारा लगाना, जिसमें नबी (पैगंबर) का अपमान करने पर सिर कलम करने की सजा का प्रावधान है, भारत की संप्रभुता और अखंडता के साथ-साथ भारतीय कानूनी व्यवस्था को चुनौती देने के बराबर है, जो गंभीर संवैधानिक उद्देश्य पर आधारित है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों में निहित है।

चुनाव आयोग ने जारी की ड्राफ्ट सूची

## तमिलनाडु में मतदाता सूची से हटाए गए 14.24 लाख वोटर्स


चुनाव आयोग

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर की सियासत में गरमाहट तेज हो गई है। इसी बीच भारतीय निर्वाचन आयोग ने 19 दिसंबर, शुक्रवार को तमिलनाडु की एकीकृत ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। यह सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद प्रकाशित की गई है, जो पूरे राज्य में चलाया गया था।जिला चुनाव कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार इस प्रक्रिया में कई जिलों से लाखों मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इसके तहत कोयंबटूर में करीब 6.50 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए। वहीं डिंडीगुल जिले में 2.34 लाख वोटर हटे, जिससे कुल मतदाता संख्या 19.35 लाख से घटकर 16.09 लाख रह गई।

### चेन्नई में सबसे ज्यादा वोटर हटे

चुनाव आयोग के द्वारा जारी ड्राफ्ट सूची का सबसे ज्यादा असर राजधानी चेन्नई में देखने को मिला। यहां यहां 14.25 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए। इसके बाद कुल मतदाता संख्या 40.04 लाख से घटकर 25.79 लाख रह गई। करूर जिले में 79,690 मतदाताओं के नाम हटाए गए। यहां मतदाता संख्या 8.79 लाख से घटकर 8.18 लाख हो गई। साथ ही कांचीपुरम जिले में 2.74 लाख वोटरों के नाम काटे गए।

### इस कारण हटाए गए नाम

चुनाव आयोग द्वारा जारी ड्राफ्ट सूची से लाखों मतदाताओं का नाम क्यों हटाया गया। इस बात को चुनाव आयोग की तरफ से दिए गए बयान के आधार पर ऐसे समझा जा सकता है कि सूची में शामिल 1.56 लाख लोगों की मौत हो गई, 27,323 मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, 12.22 लाख वोटर दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो चुके थे और 18,772 मामलों में दोहरी वोटिंग पाई गई। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने बताया कि यह ड्राफ्ट मतदाता सूची राज्यभर में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद तैयार की गई है। आगे आपत्तियां और दावे दर्ज करने के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

जारकीहोली से रात्रिभोज पर मिले सिद्धारमैया

## शिवकुमार ने कहा- क्या हम कहें कि खाना मत खाओ?

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन को लेकर सीएम सिद्धारमैया और डीके में विराम लग चुका है। लेकिन डिनर पॉलिटिक्स रुकती नहीं दिख रही है। कांग्रेस के दोनों ही नेता रात्रिभोज के जरिए लगातार शक्ति प्रदर्शन में जुटे हुए हैं। सिद्धारमैया ने मंत्रियों और विधायकों के एक समूह के साथ 18 दिसंबर को वरिष्ठ मंत्री सतीश जारकीहोली की तरफ से आयोजित रात्रिभोज में हिस्सा लिया। सिद्धारमैया के करीबी माने जाने वाले जारकीहोली के आवास पर रात्रिभोज बैठक ने मुख्यमंत्री पद को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर चल रहे सत्ता संघर्ष के बीच नई अटकलों को हवा दे दी है। इसमें मंत्री जी परमेश्वर, एचसी महादेवप्पा, जमीर अहमद , एमसी सुधाकर आदि शामिल थे। ये सभी सिद्धारमैया के करीबी माने जाते हैं। लोगों में कौतूहल रहा। इस बीच डीके ने कहा कि क्या मैं कहूं कि खाना मत खाओ।



पूर्वोत्तर को मिलेगा वर्ल्ड-क्लास गेटवे

## पीएम मोदी आज करेंगे 'बैम्बू ऑर्किड्स' टर्मिनल-2 का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**पीएम का 20-21 को असम दौरा**

पीएम नरेंद्र मोदी 20 दिसंबर को गुवाहाटी हवाई अड्डे पर बैम्बू ऑर्किड्स टर्मिनल 2 का उद्घाटन करेंगे। यह सालाना 1.31 करोड़ यात्रियों को संभालने के लिए बनाया गया है। गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्टपर नई इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग (टर्मिनल-2) का उद्घाटन प्रधामंत्री 20 दिसंबर को करेंगे। यह टर्मिनल असम की सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित 'बैम्बू ऑर्किड्स' थीम पर आधारित है, जिसमें बांस की वास्तुकला, फॉक्सटेल ऑर्किड के मोटिफ्स और गमोसा से प्रेरित डिजाइन शामिल हैं। गुवाहाटी हवाई अड्डे पर बना यह नया टर्मिनल सस्टेनेबल डिजाइन को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो आधुनिक सुविधाओं के साथ स्थानीय संस्कृति का सुंदर मिश्रण प्रस्तुत करता है।

### 13.1 मिलियन यात्रियों की सालाना क्षमता


'बैम्बू ऑर्किड्स' टर्मिनल-2

गुवाहाटी हवाई अड्डे पर बना बैम्बू ऑर्किड्स टर्मिनल 2, कोपौ फूल (फॉक्सटेल ऑर्किड) और स्थानीय बांस से प्रेरित है। इसकी अनुमानित लागत करीब 4,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह टर्मिनल 2032 तक सालाना 13.1 मिलियन यात्रियों को हैंडल करने की क्षमता रखेगा।

**वर्ल्ड-क्लास गेटवे**

इस टर्मिनल के बन जाने से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इससे गुवाहाटी पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक वर्ल्ड-क्लास गेटवे के रूप में स्थापित करेगा।

**सीएम ने शेयर की तस्वीरें**

यह गुवाहाटी को पूर्वोत्तर और दक्षिण पूर्व एशिया के लिए एक वर्ल्ड-क्लास गेटवे के रूप में स्थापित करेगा। पर्यटन और व्यापार बढ़ेगा। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने टर्मिनल की तस्वीरें साझा की।

### आज बंगाल को भी देंगे 3,200 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री शनिवार को पश्चिम बंगाल में सुबह करीब 11:15 बजे पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के राणाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम लगभग 3,200 करोड़ की लागत वाली दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## उर्स ड्यूटी पर धार आए टीआई का होटल में मिला शव, मचा हड़कंप



धार। खरगोन जिले में लाइन में पदस्थ थाना प्रभारी करण सिंह रावत का शव धार स्थित शिवानी होटल के एक कमरे में मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। टीआई करण सिंह रावत उर्स मेले की ड्यूटी के सिलसिले में धार आए हुए थे और शिवानी होटल में ठहरे थे। शुक्रवार सुबह जब काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया, जहां टीआई का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। परिजनों को सूचना दे दी गई है। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



### सीएम ने मप्र आईएएस एसोसिएशन सर्विस मीट-2025 के शुभारंभ पर कहा

# अच्छे विचार और नए आइडिया लेकर आएं व उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करें



अपने आप को दांव पर लगाकर कार्य करने की क्षमता अगर किसी में है, तो वह आईएएस अफसरों में

**प्रदेश में अनुभव से भरे हमारे वरिष्ठ अधिकारी और ऊर्जा से भरे हमारे युवा साथी विकसित और आत्मनिर्भर मप्र के आधार**

**यह समय नवाचार और तकनीक को अपनाने तथा नागरिक की दृष्टि से सोचने का**

**हमें प्रदेश के विकास के लिए अपना शत-प्रतिशत देने का संकल्प लेना होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों की भूमिका के आधार पर ही भारत आज दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है।

हमारे आईएएस अधिकारी हर चुनौती का सामना करते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने आप को दांव पर लगाकर कार्य करने की क्षमता यदि किसी में है, तो वह आईएएस अफसरों में है।



आईएएस अफसरों को संबोधित करते सीएम

सीएम ने कहा कि सिस्टम में कई बार बातें इधर-उधर की होती रहती हैं, लेकिन अंततः जनता के हित में अच्छे काम और सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं

### आईएएस अधिकारियों ने लोकतंत्र को सफल बनाकर दिखाया

मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद का विचार था कि 21 वीं सदी भारत की होगी। स्वामी विवेकानंद का यह स्वप्न आज साकार होता दिख रहा है। वर्तमान में विश्व का हर देश भारत से मित्रता करना चाहता है। भारत अब हर चुनौती और परिस्थिति का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के फलस्वरूप प्रशासनिक व्यवस्था निर्मित हो पाई। राजशाही के दौर के बाद आजादी के समय यह आशंका थी कि लोकतंत्र सफल हो पाएगा या नहीं, पर आईएएस अधिकारियों ने लोकतंत्र को सफल बनाकर दिखाया है।

### सर्विस मीट में नए वेंचर्स की सफलता पर विमर्श

मप्र आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष एसीएस मनु श्रीवास्तव ने कहा कि सर्विस मीट में नए वेंचर्स की सफलता पर विमर्श किया जाएगा। मप्र ऐसा राज्य है, जो सभी को अपना लेता है। प्रदेश के आईएएस अफसर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। आईएएस एसोसिएशन एक परिवार की तरह है। आयोजन समिति के अध्यक्ष पी. नरहरि ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में सेवा का कार्य पूर्ण गरिमा के साथ किया जा रहा है।

## टी20 क्रिकेट: साउथ अफ्रीका हुआ चित

### टीम इंडिया ने सीरीज पर भी किया कब्जा, हार्दिक-तिलक-वरुण बने हीरो

अहमदाबाद। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का पांचवां एवं आखिरी मुकाबला शुक्रवार अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में है. मुकाबले में भारत ने 30 रनों से जीत हासिल कर पांच मैचों की सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा लिया. भारत ने साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 232 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन.लेकिन वो 8 विकेट पर 201 रन ही बना सका. भारत की ये लगातार 8वीं टी20 सीरीज जीत रही। भारत की जीत में हार्दिक पंड्या तिलक वर्मा और वरुण चक्रवर्ती की अहम भूमिका रही हार्दिक ने 63 रन बनाने के अलावा एक विकेट झटका. तिलक ने 73 रन बनाए, वहीं स्पिनर वरुण ने चार विकेट झटके. भारत ने इस जीत के साथ ही साल 2025 का शानदार तरीके से अंत किया। साउथ अफ्रीका के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने चेज में ताबड़तोड़ बैटिंग की. डिकॉक ने रीज हेंड्रिक के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े. वरुण चक्रवर्ती ने हेंड्रिक्स को आउट करके इस पार्टनरशिप को ब्रेक किया हेंड्रिक्स के आउट होने के कुछ देर बाद डिकॉक ने 8 चौके और 2 छक्के की मदद से 30 गेंदों पर फिफ्टी पूरी कर ली। डिकॉक और ब्रेविस के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी हुई।

### संसद का शीतकालीन सत्र संपन्न



स्पीकर बिरला, पीएम मोदी, राजनाथ और प्रियंका

### चाय पर चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच लगे ठहाके

## सपा सांसद: सत्र लंबा होता तो अच्छा होता, पीएम: छोटा रखा ताकि आपके गले में दर्द न हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव सुधार और वंदे मातरम पर गरमागरम बहस के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोंकझोंक और शोर-शराबे के बाद शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र के आखिरी दिन परंपरा के मुताबिक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी दलों के नेताओं को चाय पार्टी दी।

इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा कई केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। पिछले सत्र के विपरीत इस सत्र के बाद हुई इस पार्टी में कांग्रेस के नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी की गैर मौजूदगी में उनकी बड़ी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी पार्टी में शामिल हुईं। चाय पार्टी के दौरान वह राजनाथ सिंह के करीब बैठी थीं, जबकि उनके सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पीकर ओम बिरला बैठे थे। इसी दौरान समाजवादी पार्टी के नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा कि सत्र थोड़ा और लंबा होता तो अच्छा होता। इस पर प्रधानमंत्री ने हंसते हुए जवाब दिया, हमने इसीलिए छोटा सत्र रखा ताकि आपके गले में दर्द न हो। इतना सुनते ही वहां मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे और माहौल एकदम खुशनुमा हो गया। दरअसल, धर्मेंद्र यादव सदन में विपक्ष की ओर से जोर जोर से नारे लगाने के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री ने इसी वजह से उन पर ये चुटकी ली थी। चाय पार्टी करीब 20 मिनट तक चली।

प्रियंका गांधी की बातों पर हंस पड़े पीएम मोदी और राजनाथ

### वायनाड की एक खास चीज का जिक्र

इस दौरान प्रियंका गांधी ने वहां मौजूद सांसदों को बताया कि वह एलर्जी से बचने के लिए एक खास किस्म की जड़ी-बूटी का इस्तेमाल करती हैं, जिसे वह अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड से लेकर आई हैं। उनकी इस बात पर पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुस्कुराने लगे। प्रियंका ने बातचीत के क्रम में पीएम मोदी से उनके हालिया विदेश दौरों के बारे में भी पूछा। इस पर प्रधानमंत्री ने जवाब दिया कि यात्रा अच्छी रही।

### महिला डॉक्टर का हिजाब खींचने का मामला

## इल्तिजा मुफ्ती ने नीतीश कुमार को दी नतीजे भुगतने की चेतावनी

एजेंसी:नई दिल्ली। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए श्रीनगर के कोठीबाग पुलिस स्टेशन से संपर्क किया। यह एफआईआर बिहार में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब हटाने की घटना को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

एफआईआर दर्ज करवाने के लिए पहुंचीं पुलिस स्टेशन



इल्तिजा मुफ्ती ने इस दौरान कहा कि हमने देखा कि जब बिहार के मुख्यमंत्री ने ऐसी हरकत की, माफी मांगने की बजाय भाजपा सरकार के मंत्री बेहूदा बयान दे रहे हैं। अगर आपने हमारी महिलाओं का हिजाब छुआ तो आप इसके नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें। इस मामले को लेकर श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन किया गया है।




क्रिसमस-न्यू ईयर पर मिलेगी भीड़ से राहत

## रेलवे ने किया 244 स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान



नईदिल्ली। अगर आप क्रिसमस या नए साल पर घर या छुट्टियों मनाने कहीं जाने का सोच रहे हैं तो आपके लिए यह अच्छी खबर है। बता दें कि भारतीय रेलवे ने क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के दौरान पैसेंजर्स की एक्स्ट्रा भीड़ को कम करने के लिए देश भर में 244 स्पेशल ट्रेन ट्रिप नोटिफाई की हैं। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि क्रिसमस और न्यू ईयर 2025-26 के समय के लिए भारतीय रेलवे ने पैसेंजर ट्रैफिक में होने वाली बढ़ोतरी को मैनेज करने के लिए आठ जोन में स्पेशल ट्रेनों के बड़े ऑपरेशन की योजना बनाई है। अब तक कुल 244 ट्रिप नोटिफाई की जा चुकी हैं। आने वाले दिनों में और ट्रिप नोटिफाई की जाएंगी।'मुंबई-गोवा (कोंकण) कॉरिडोर पर, मुंबई सीएसएमटी /एलटीटी और करमाली / मडगांव के बीच डेली और वीकली स्पेशल चलाई जा रही हैं। इसी तरह, मुंबई–नागपुर, पुणे–सांगानेर और महाराष्ट्र के दूसरे रूट पर स्पेशल सर्विस यात्रियों को रेगुलर ट्रेनों में भीड़भाड़ से बचने में मदद कर रही हैं, साथ ही त्योहारों के समय यात्रा के आसान ऑप्शन भी दे रही हैं। पूरे उत्तरी और पूर्वी भारत में, दिल्ली, हावड़ा, लखनऊ और आस-पास के शहरों को जोड़ने वाले बिजी कॉरिडोर पर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं ताकि घर या छुट्टियों की जगहों पर जाने वाले लंबी दूरी के यात्रियों को सुविधा मिल सके। दक्षिण और मध्य क्षेत्रों में हैदराबाद, बेंगलुरु, मंगलुरु और दूसरे शहरों को जोड़ने वाली एक्स्ट्रा सर्विस इस पीक पीरियड के दौरान यात्रियों के लिए आसान यात्रा पक्का करती हैं। इसमें सीएसएमटी–करमाली, एलटीटी–तिरुवनंतपुर, पुणे–सांगानेर और सीएसएमटी–नागपुर आदि शामिल हैं।



# मध्यप्रदेश में पांच नेशनल पार्कों को जोड़कर बनेगा देश का पहला टाइगर कॉरिडोर


## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि देश में सबसे अधिक टाइगर हमारे पास है। इसलिए पांच नेशनल पार्क के बीच में टाइगर कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है। यह सुझाव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के माध्यम से केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के सामने रखा था। उन्होंने सहमति प्रदान कर दी है। यह जानकारी गुरुवार को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर पत्रकार वार्ता में दी।

राकेश सिंह ने कहा कि देश का पहला राज्य-स्तरीय टाइगर कॉरिडोर यह दशार्ता है कि मप्र में विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं। एनएचएआई के लिए भी यह बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश में एक ही जगह ऐसी है, जहां पांच नेशनल पार्कों को जोड़कर टाइगर कॉरिडोर बनाया जा सकता है। यह छह करोड़ रुपए से भी अधिक लागत का होगा। देश और दुनिया में भी यह टाइगर कॉरिडोर के नाम से ही जाना जाएगा। राज्य सरकार ने कॉरिडोर के लिए स्थान चिन्हित कर लिया है।

### मध्य प्रदेश में विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ रहे


उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी देते मंत्री सिंह।

### एक साल में बनाए 506 लोक कल्याण सरोवर

मंत्री सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग में यह तय किया है कि जहां भी सड़क बनेगी, उसके आसपास से मिट्टी को इस प्रकार निकाला जाए, जिससे कि वहां तालाब बन जाए। लोक निर्माण विभाग में एक साल में ऐसे 506 लोक कल्याण सरोवरों का निर्माण किया है।

### 300 करोड़ से बनेगा इंजीनियर ट्रेनिंग कम रिसर्च सेंटर

मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि अभी प्रदेश ही नहीं देश में भी इंजीनियर प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। यदि हम उनके प्रशिक्षण के साथ अपडेट नहीं कर पाएंगे तो हम अपने काम के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। इसलिए मप्र में सरकारी इंजीनियरों की ट्रेनिंग के लिए तीन सौ करोड़ की लागत से अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होगी। इस ट्रेनिंग सेंटर में मध्य प्रदेश के साथ-साथ अन्य दूसरे राज्यों के इंजीनियर भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

## शून्य आधारित बजट, रोलिंग बजट और तकनीकी नवाचारों से मजबूत हुई मध्यप्रदेश की वित्तीय स्थिति

2025-26 में नवम्बर तक 34 हजार 829 करोड़ का राजस्व मिला

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा बोले : मप्र की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही, सीमाओं के भीतर ही लिया ऋण

मप्र की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार ने पिछले दो वर्षों में न केवल बजट का आकार बढ़ाया है, बल्कि राजस्व संग्रह में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। राज्य सरकार विकसित मप्र के लक्ष्य के साथ अगले तीन साल का विस्तृत रोडमैप तैयार कर चुकी है। राज्य सरकार भारत सरकार द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर ही ऋण लेती है। राज्य में बजट में प्रति वर्ष औसत 14 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है और जीएसटी संग्रह में भी बेहतर सुधार हुआ है।

यह बात उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने गुरूवार को सरकार की वित्तीय उपलब्धियों का ब्यौरा साझा करते हुए कही। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने जनसंपर्क संचालनालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 55 हजार 634 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। वर्ष 2025-26 में माह नवम्बर तक कुल 34 हजार 829 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2025-26 में माह नवम्बर तक डाटा एनालिटिक्स आधारित चिन्हित प्रकरणों में प्रवर्तन कार्यवाहियों से 967 रुपए करोड़ एवं ऑडिट की कार्यवाही से. 404 करोड़ रु का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (15 लाख 03 हजार 395 करोड़) रुपए रहा एवं प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 52 हजार 615 रुपए रही। भारत सरकार के संकल्प विकसित भारत 2047 को पूरा करने में राज्य अपना योगदान देने के लिये प्रतिबद्ध है।


प्रदेश की वित्तीय स्थिति की जानकारी देते मंत्री देवड़ा।

### मदिरा के निर्यात को बढ़ावा देने बनेगी एकीकृत पॉलिसी

*उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश में पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे मध्य प्रदेश के ही सकल घरेलू उत्पाद में नियमित वृद्धि बनी हुई है। शासकीय सेवकों/पेंशनरों के हित में कई निर्णय लिए गए हैं। राजस्व में वृद्धि के लिए मध्य प्रदेश तथा देश के बाहर मदिरा के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत पॉलिसी बनाई जाएगी। मदिरा उपभोग/विक्रय के एक दिवस का लाइसेंस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से जारी किया जाएगा।*

### तीन वर्षों के लिए रोलिंग बजट की प्रक्रिया अपनाई

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि वित्त विभाग श्रेष्ठ वित्तीय प्रबंधन की ओर जिसमें शून्य आधारित बजट प्रक्रिया के अनुसार बजट तैयार किया जा रहा है। तीन वर्षों के लिए रोलिंग बजट की प्रक्रिया अपनाई गई है, जिसमें बजट प्रक्रिया से संबंधित नवाचार अपनाएं जा रहे है। उन्होंने कहा कि वित्तीय संस्थाओं द्वारा जारी प्रतिवेदनों में मध्यप्रदेश के वित्तीय प्रबंधन बजटीय विश्वसनीयता तथा बैंक की गुणवत्ता को सराहा गया है।

बजट प्रक्रिया से संबंधित नवाचार अपनाएं जा रहे

### वर्क ऑर्डर तथा भुगतान के लिए डेटा रिपोजटरी

*प्रदेश के समस्त शासकीय विभाग, निगम, मंडल द्वारा दिए जा रहे वर्क ऑर्डर तथा भुगतान की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके इसके लिए डेटा रिपोजटरी बनाया जाएगा। डेटा एनालिटिक्स के उपयोग से प्रवर्तन की कार्यवाही की जाएगी तथा बोगस व्यवसायियों पर सतत निगरानी रखी जाकर गलत आईटीसी के उपयोग पर अंकुश लगाया जाएगा। विभाग में पृथक से डेटा एनालिटिक्स एवं टैक्स रिसर्च यूनिट का गठन किया जाएगा।*

# सीएम डॉ. यादव बोले- हर जिले में मेडिकल कॉलेज शीघ्र, पीपीपी मोड पर चार का भूमिपूजन 23 को

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2002-03 तक मध्यप्रदेश में केवल 5 मेकिडल कॉलेज थे। इस समय प्रदेश में 19 शासकीय मेडिकल कॉलेज और 14 निजी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसी माह बैतूल, धार, कटनी, पन्ना में 4 मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन होगा। इसी के साथ बीएएमएस की पढ़ाई के लिए एक साल में 8 नए आयुर्वेदिक कॉलेज भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। साथ ही संकल्प पत्र अनुसार प्रदेश की 29 लोकसभा क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज उपलब्ध हो जाएंगे।



उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज होंगे। राज्य सरकार मेडिकल के साथ आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी कॉलेजों की संख्या भी बढ़ा रही है। प्रदेश के सुदूर ग्रामीण और जनजातीय अंचलों तक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित आरोग्य सेवा संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में जनजातीय क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर रहे चिकित्सकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आयुर्वेद ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो केवल नब्ज से ही बीमारी का पता लगा लेती है। हम अपने प्रयासों और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। कोरोनाकाल में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के बल पर दुनिया ने हमारे काढ़े की ताकत देखी थी। कोविड के दौर में हमारे आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने आगे


चिकित्सकों के साथ सीएम, डिप्टी सीएम और मिनिस्टर।

### सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए संकल्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने छात्रों से जनजातीय क्षेत्रों में सेवा प्रदाय करने का आह्वान किया। डॉ. यादव ने जनजातीय अंचलों में सेवाएं देने वाले डॉ. मुकेश तिलगाम, डॉ. राजेश डाबर, डॉ. महिला डाबर, सेवा अंकुर के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी, डॉ. हितेश, डॉ. अभय ओहरी को सम्मानित किया। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर्स को आरोग्य किट वितरित की। प्रदेशभर में 8 हजार से अधिक मेडिकल किट प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम में सेवा अंकुर संस्था पर केंद्रित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### कोरोनाकाल में दुनिया ने देखी देसी काढ़े की ताकत

#### जरूरतमंद बच्चों को 16.50 लाख की प्रतिवर्ष मदद

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को 16.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष मदद दे रही है। हमारा प्रयास है कि युवा चिकित्सक समाज की सेवा के लिए आगे आएं, लोकत9त्र के सच्चे प्रहरी बनें। हम सभी को सशक्त निरोगी राष्ट्र निर्माण के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय कर लोक स्वास्थ्य प्रबधन को सशक्त और चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने का कार्य किया है। राज्य सरकार ने 8 हजार चिकित्सा शिक्षा विद्यार्थियों को एक वर्ष में 207 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए हैं, ताकि वे फीस की चिंता से मुक्त होकर अपनी योग्यता संवर्धन का कार्य पूरे मनोयोग से कर सकें।*


## मुठभेड़ में मारा गया पांच लाख रुपए का इनामी नक्सली फगनू

कोटमेटा के जंगलों में सुरक्षाबलों-माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के थाना भैरमगढ़ के तहत इन्द्रावती क्षेत्र के आदवाड़ा, कोटमेटा के जंगल-पहाड़ों में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। डीआरजी बीजापुर द्वारा चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे से रुक-रुक कर फायरिंग जारी रही। अभियान में अब तक हथियारों सहित एक माओवादी का शव बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि इस अभियान के दौरान शुक्रवार की सुबह 6 बजे से डीआरजी बीजापुर और माओवादियों के बीच रुक रुक कर फायरिंग जारी है। अब तक सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से 01 माओवादी का शव, .303 रायफल, 9 एमएम पिस्टल सहित विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद की गई है। मारे गए माओवादी की पहचान एसीएम फगनू माड़वी (उम्र 35 वर्ष) निवासी गोरना, थाना बीजापुर के रूप में हुई है। वह भैरमगढ़ एरिया कमेटी का एसीएम था, जिस पर 05 लाख रुपये का इनाम घोषित था।



### सुरक्षा बलों ने जब्त की सामग्री

*.303 रायफल (01 मैगजीन, 03 राउंड), 9 एमएम पिस्टल (01 मैगजीन, 09 राउंड), स्कैनर सेट (02 नग), रेडियो, मेडिकल किट, कार्डेक्स वायर, माओवादी पिट्ठू, पिस्टल पाउच एवं माओवादी पर्चे शामिल हैं। बस्तर रेंज के आईजीपी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों की प्रभावी और समन्वित कार्रवाई से बस्तर में माओवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। उन्होंने कहा कि माओवाद संगठन की पूरी संरचना बिखर चुकी है। उन्होंने सक्रिय माओवादियों से हिंसा का मार्ग छोड़कर सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ उठाने की अपील की।*

## एसडीओपी पर अज्ञात आरोपी ने किया जानलेवा हमला

आरोपी को पकड़ा पुलिस कर रही युवक से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के एसडीओपी तोमेश वर्मा पर दंतेवाड़ा में अज्ञात युवक ने चाकू से हमला किया है। घटना दंतेवाड़ा शहर के टीवीएस शोरूम के पास की है।

हमले में एसडीओपी तोमेश घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को पकड़कर जमकर धुनाई की। फिलहाल, हमले के पीछे



की वजह की जानकारी ली जा रही है। आरोपी की पहचान रविशंकर साहू,



निवासी दुर्ग के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आरोपी ने ऑफिसर पर हमला करने के लिये 80 किलोमीटर का सफर कर अपने नापाक इरादों को अंजाम दिया।

### पीछा कर रहा था आरोपी हमलावर

सूत्रों की मानें तो सुकमा जिले में पदस्थ एसडीओपी वर्मा किसी काम से सुकमा से दंतेवाड़ा आये हुए थे। इस दौरान दुर्ग निवासी रविशंकर साहू सुकमा उनके वाहन का पीछा करते हुए 80 दंतेवाड़ा आया हुआ था। एसडीपीओ जैसे ही वाहन से नीचे उतरे तभी अचानक से आरोपी ने उनके ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की पकड़कर जमकर धुनाई की। उससे पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना पर कोतवाली थाने से आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची।

## चाइल्ड हेल्पलाइन, आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई

## दो बच्चों की तस्करी का प्रयास विफल, आरोपी हुए गिरफ्तार

चाइल्ड लाइन हेल्प लाइन में मिली थी मामले की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चाइल्ड हेल्पलाइन, आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में दो नाबालिग बच्चों की तस्करी का मामला पकड़ा गया। मामले में आरोपित को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जबकि दोनों बच्चों को सुरक्षित संरक्षण में रखा गया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना मिली थी कि ट्रेन नंबर 12102 ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस की जनरल बोगी में नाबालिग बच्चों को अवैध तरीके से ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन ने आरपीएफ और जीआरपी के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की।

संयुक्त टीम ने ट्रेन में चेकिंग कर दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। उसी दौरान दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल निवासी 34 वर्षीय राशिद मल्ला को हिरासत में लिया गया। जांच में सामने आया कि वह बच्चों को शालीमार रेलवे स्टेशन से महाराष्ट्र के बाटनेरा स्थित कपड़ा फैक्ट्री में काम कराने के लिए ले जा रहा था।

### बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश हुए बच्चे

*रेस्क्यू के बाद बच्चों से अलग-अलग पूछताछ की गई। इसके बाद मामला जीआरपी थाना में दर्ज कराया गया। आरोपित के खिलाफ कानून के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। आदेश के बाद उन्हें शासकीय बाल गृह (बालक) माना कैंप में सुरक्षित संरक्षण में रखा गया है।*

### पांच माह के अंदर 60 से ज्यादा बच्चों को बचाया

*जिले में अगस्त 2025 से चाइल्ड हेल्पलाइन संचालित है। अब तक 60 से 70 बच्चों को रेस्क्यू किया जा चुका है। इनमें बाल श्रम, बाल तस्करी, भिक्षावृत्ति, घुमंतू और भटके हुए बच्चे शामिल हैं। इनमें से लगभग 50 बच्चों को बाल कल्याण समिति के आदेश पर सुरक्षित रूप से परिजनों के पास भेजा जा चुका है।*

## तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर

बुजुर्ग पत्नी की मौके पर मौत, पति की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के ग्राम बसन्तपुर मुख्यमार्ग पर तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार बुजुर्ग पति पत्नी को ठोकर मारते हुए कुचला है। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पति गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चालक हादसे में बाद वाहन को छोड़कर मौके से फरार है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र की है। बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, ग्राम खोखरा का रहने वाला राधेश्याम कहरा अपनी पत्नी अनसुईया कहरा के साथ गुरुवार को महासमुंद जिले के बागबहरा बैग के पास गए थे। जहां से आकर अपने परिजन के घर रात में चिस्दा गांव में रुके थे। फिर तड़के खोखरा गांव जाने के लिए बाइक से बुजुर्ग पति-पत्नी निकले थे, तभी वे बसंतपुर गांव के मोड़ पर पहुंचे थे कि बिर्रा की ओर से जा रहे ट्राले ने बाइक सवार बुजुर्ग पति-पत्नी को कुचल दिया। बुजुर्ग महिला अनसुईया कहरा 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वही राधेश्याम कहरा को गंभीर चोट आई है। जिन्हें अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया है वहीं चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। बिर्रा पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। चालक की तलाश की जा रही है।

## पुण्यतिथि पर सरदार पटेल को अपना दल एस ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर अपना दल (एस) मप्र इकाई द्वारा प्रदेशभर में उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी श्री आर. बी. सिंह पटेल ने कहा कि "सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए, वे सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने संकल्प लिया कि सरदार पटेल के विचारों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य निरंतर किया जाएगा।

## रतलामवासियों ने अभूतपूर्व सौगात के लिए किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

## रतलाम के लोग काम के आधार पर बनाते हैं अपनी विशिष्ट पहचानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेंव, सोना और साड़ी से रतलाम की अपनी विशिष्ट पहचान बनी है। रतलाम स्वाभिमानी और पुरूषार्थी लोगों की नगरी है। यहां के लोग काम के आधार पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण सूक्ष्म,लघु, एवं मध्यम, उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप हैं।

डॉ. यादव रतलाम को इंदौर मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल करने के लिए रतलाम वासियों के द्वारा संवाद भवन, मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री काश्यप ने कहा कि बगैर मांग के रतलाम को मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल किया जाना रतलाम वासियों के लिए सौगात की बात है। रतलाम के प्रभारी मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि डॉ. यादव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने वाले मुख्यमंत्री हैं।


अभिनंदन समारोह को संबोधित सीएम डॉ. मोहन यादव।

### विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने किया अभिनंदन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संवाद भवन में रतलाम के संयुक्त व्यापारी संघ, सराफा एसोसिएशन, खेल संगठन, ग्रेन मर्चेंट संघ, बार एसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। समारोह में मंत्री चेतन काश्यम और प्रभारी मंत्री शाह के अलावा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर रतलाम नगर निगम प्रह्लाद पटेल, नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### बगैर मांगे मिली मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल होने की सौगात : मंत्री काश्यप

#### रतलाम में औद्योगिक विकास की सभी संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रतलाम में औद्योगिक विकास की सभी संभावनाएं पहले से ही असीमित हैं। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए रतलाम को मेट्रोपोलिटिन क्षेत्र में शामिल किया गया है। नागदा और खाचरौद पहले ही शामिल कर लिए गए, ऐसी स्थिति में असीमित संभावनाओं से परिपूर्ण रतलाम को भी शामिल करना ही था। अब इंदौर, उज्जैन के साथ रतलाम के शामिल हो जाने से मेट्रोपोलिटिन रीजन का विकास ट्रिपल इंजन की समन्वित शक्ति से होगा। डॉ. यादव ने रतलाम वासियों का अभिनंदन के लिए आभार मानते हुए कहा कि मुख्यमंत्री निवास प्रदेश की जनता का ही घर है।


सीएम डॉ. यादव का सम्मान करते मंत्री।

जबलपुर
शनिवार, 20 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष-01
वर्ष : 20, अंक : 231
पृष्ठ : 2+6+6= 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 23
न्यून. 8

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के मंत्री व अधिकारी होंगे शामिल

## केंद्रीय मंत्री खट्टर आज लेंगे शहरी विकास मंत्रियों की 'क्षेत्रीय' बैठक



**विशेष प्रतिनिधिःभोपाल।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर की मौजूदगी में शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक शनिवार 20 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र, भोपाल में आयोजित हो रही है। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री एवं राज्यमंत्री, भारत सरकार एवं राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के लिए कार्य-दिशा पुस्तिका का विमोचन होगा।






सीएम डॉ. यादव ने मुंबई में आयोजित वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस-2025 को किया संबोधित

# निवेशकों की जैसी जरूरत, वैसी मदद करेगी सरकार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सशक्त अर्थ नीति और वैचारिक दूरदर्शिता ही उसके विकास की संतुलित गति, स्थायित्व और भविष्य की दिशा तय करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीता दशक देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्वर्णिम काल रहा है। इस दौरान देश ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि हम निवेशकों को हर जरूरी प्रोत्साहन, न्यूनतम दर पर भूमि, मदद और मार्गदर्शन भी मुहैया करा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में निवेशकों को बेहतर पॉलिसी, अवसर, इन्सेंटिव, इको सिस्टम, मार्केट लिंकेज और ग्रोथ रेट के साथ-साथ सरकार का फुल सपोर्ट मिलेगा। हमारे यहां उद्योगों के लिए पर्याप्त लैंड और वाटर बैंक है, यूथ फोर्स है और स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स भी है। उन्होंने निवेशकों से मप्र में निवेश करने के लिए बेहिचक आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ईज़ ऑफ डूइंग को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर उतारते हुए उसे स्पीड स्केल और स्किल ऑफ डूइंग में परिवर्तित कर दिया। डॉ. यादव शुक्रवार को मुंबई में आयोजित वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।

## खबर संक्षेप

### अब तक एक करोड़ से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली।** परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए पंजीकरण एक करोड़ के पार पहुंच गया है। अब तक 1.09 करोड़ से अधिक छात्र, शिक्षक और अभिभावक आवेदन कर चुके हैं। आवेदन प्रक्रिया 11 जनवरी 2026 तक जारी है। इनमें 1,01,62,482 छात्र, करीब 7 लाख शिक्षक और 1,02,488 अभिभावक शामिल हैं। परीक्षा पे चर्चा का यह नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित होने की संभावना है।



### इंडिगो की उड़ानों में हुई गड़बड़ी पर डीजीसीए सख्त

नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइन में हाल ही में हुई बड़े पैमाने पर उड़ानों की गड़बड़ी को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) अब कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ विस्तृत और सुधारात्मक कार्रवाई होगी। इस महीने उड़ानों में हुई गड़बड़ियों के बाद, डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन समय-सारणी में 10 प्रतिशत की कटौती की है।



### अमेरिका में विमान हादसा कई लोगों की गई जान

**नई दिल्ली।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में एक छोटा विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना स्टेट्सविले रीजनल एयरपोर्ट पर हुई, जहां विमान आग की लपटों में घिर गया। हादसे में कई लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। यह विमान कॉर्पोरेट जेट था। विमान स्थानीय समय के मुताबिक सुबह करीब 10:15 बजे नॉर्थ कैरोलिना के स्टेट्सविले रीजनल एयरपोर्ट पर उतरते समय रनवे के पूर्वी छोर पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



### मांझी ने चुनाव में हेराफेरी का किया दावा, दी सफाई

**पटना।** आरजेडी ने जीतनराम मांझी का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे चुनाव में हेराफेरी का दावा कर रहे हैं। कथित वीडियो में मांझी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि 2020 में गया की टिकरी सीट पर वे 2700 वोटों से पीछे चल रहे थे, लेकिन तत्कालीन डीएम अभिषेक सिंह की मदद से उन्होंने जीत हासिल की। इस बार वे 1,600 वोटों से सीट हार गए। हालांकि, बाद में मांझी ने कहा कि उन्हें बदनाम करने की साजिश हो रही है।



**बांग्लादेश में फिर हिंसा भड़की : ढाका और चटगांव में भारत विरोधी नारे लगाए गए**

# हिंदू युवक को पीट-पीटकर मारा, हत्या के बाद पेड़ से बांधकर जला डाला शव



### कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बिगड़े हालात

बांग्लादेश में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी, घर से कम ही बाहर निकलें, यात्रा करने से बचें

- भारतीय राजनयिक परिसरों पर पथराव की घटनाएं हुईं
- मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई

**एजेंसी ⏭ ढाका/नई दिल्ली**

बांग्लादेश में जारी हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों के बीच एक बार फिर कट्टरपंथ का खौफनाक चेहरा सामने आया है। मैमनसिंह जिले में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई है, जो एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था और भालुका उपजिला के दुबालिया पारा इलाके में किराए पर रहता था। दिल दहला देने वाली इस घटना में उग्र भीड़ ने हत्या के बाद दीपू चंद्र के शव को एक पेड़ से बांध दिया और उसमें आग लगा दी। यह घटना ऐसे समय पर हुई है, जब देश हसीना विरोधी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद व्यापक हिंसा और प्रदर्शनों की चपेट में है।



एक मीडिया संस्थान को आग के हवाले करते उपद्रवी

### हिंदू युवक की हत्या पर यूनुस प्रशासन ने तोड़ी चुप्पी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंदू व्यक्ति की कथित लिंचिंग की कड़ी निंदा की है। कहा है कि बांग्लादेश में ऐसी हिंसा की कोई जगह नहीं है। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मुहम्मद यूनुस ने गुरुवार देर रात राष्ट्र के नाम टेलीविजन पर दिए गए भाषण में हादी की मौत की घोषणा की और उसके हत्यारों को पकड़ने के लिए तुरंत कार्रवाई का वादा किया।

**कौन था उस्मान हादी?**

#### शेख हसीना का किया था तख्तापलट

शरीफ उस्मान हादी बीते साल बांग्लादेश में हुए शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बने इंकलाब मंच के प्रवक्ता थे। अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनाव में उस्मान हादी भी उम्मीदवार थे। बीती 12 दिसंबर को ढाका में चुनाव प्रचार के दौरान नकाबपोश हमलावरों ने उनके सिर में गोली मार दी थी। 2024 में बांग्लादेश में हुए विद्रोह में उस्मान हादी एक बड़ा चेहरा थे। हादी भारत के मुखर आलोचक थे।

#### भारतीय सहायक उच्चायोग पर भी हमला

चटगांव में प्रदर्शनकारियों ने भारतीय सहायक उच्चायोग पर हमला किया और अवामी लीग के पूर्व शिक्षा मंत्री के घर में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने चटगांव में भारतीय सहायक उच्चायोग के बाहर पत्थर फेंके और धरना प्रदर्शन किया। ढाका में भारतीय हाई कमीशन ने बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उनसे लोकल ट्रैवल से बचने और अपने रहने की जगह से बाहर कम से कम आने-जाने की अपील की गई है। अचानक किसी भी तरह की जरूरत होने पर उन्हें देश में हाई कमीशन या असिस्टेंट हाई कमीशन से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

**केंद्रीय मंत्री खट्टर व सीएम करेंगे लोकार्पण**

# आज शाम 5 बजे भोपाल मेट्रो को दिखाई जाएगी हरी झंडी

मिंटो हॉल में होगा कार्यक्रम, एम्स मेट्रो स्टेशन पर संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल की मेट्रो ट्रेन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

राजधानी को 8 साल बाद शनिवार को मेट्रो की सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को शाम 5 बजे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद शाम 5.15 बजे वह मेट्रो में बैठकर एम्स मेट्रो स्टेशन तक जाएंगे। जहां स्वागत कार्यक्रम में को संबोधित करेंगे। इसके पहले शाम 4 बजे मिंटो हॉल में भोपाल मेट्रो का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में देश के कई बड़े दिग्गज नेता शामिल हो रहे हैं। 21 दिसंबर से शहर के लोग मेट्रो में सफर कर सकेंगे।भोपाल मेट्रो सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। मेट्रो का किराया 20 रुपए से शुरू होगा। 3 से 5 स्टेशन का किराया 30 रुपए और एम्स से सुभाष नगर तक का किराया 40 रुपए रहेगा। दिनभर में मेट्रो ट्रेन कुल 17 फेरे लगाएगी। सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से 8 फेरे और एम्स मेट्रो स्टेशन से 9 फेरे लगाए जाएंगे। इस दौरान मेट्रो 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। यात्री को मैन्युअली टिकट लेना होगा।

**एक हफ्ते ऐसा ही रहेगा मौसम**

# रीवा और ग्वालियर में घना कोहरा शिवपुरी व इंदौर में कड़ाके की ठंड



भोपाल में शुक्रवार सुबह इस तरह कोहरे डूबा रहा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

प्रदेश में ठंड का असर बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता कम हो गई। कोहरे और सर्द हवाओं के चलते लोगों को सुबह-शाम तेज ठंड का अहसास हो रहा है।

ग्वालियर में रात से ही कोहरा बना रहा, जो सुबह 9 बजे तक छंट नहीं सका। रीवा में हालात सबसे ज्यादा खराब रहे, जहां 50 मीटर के बाद नजर नहीं आया। भोपाल, उज्जैन, राजगढ़, दमोह और उमरिया में 2 से 4 किलोमीटर तक दृश्यता रही। दतिया और सागर में दृश्यता 200 से 500 मीटर, जबकि ग्वालियर, सतना, जबलपुर और नौगांव में 500 से 1000 मीटर के बीच रही। इंदौर, मंडला और खजुराहो में 1 से 2 किलोमीटर और भोपाल, उज्जैन, राजगढ़, दमोह और उमरिया में 2 से 4 किलोमीटर तक दृश्यता दर्ज की गई। राजधानी में सुबह से ही कोहरे का असर बना रहा।

**शिवपुरी में पारा 4 डिग्री तक गिर गया**

कई इलाकों में दृश्यता कम रही, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हुई। गुरुवार-शुक्रवार की रात न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

**आईएएस संतोष वर्मा फर्जी प्रमोशन कांड**

# आदेश तैयार करने वाली कोर्ट की टाइपिस्ट नीतू सिंह गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर**

- 2 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया

आईएएस अफसर संतोष वर्मा के फर्जी प्रमोशन घोटाले ने अब न्यायपालिका की दीवारों के भीतर छिपे खेल को बेनकाब करना शुरू कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में गुरुवार को पुलिस ने अदालत के ही एक कर्मचारी कोर्ट टाइपिस्ट नीतू सिंह चौहान को गिरफ्तार किया है। उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया था, वहीं अचानक फर्जीवाड़े की कड़ी साबित हुई और सीधे हथकड़ी पहनाकर अदालत में पेश कर दिया गया। कोर्ट ने नीतू सिंह चौहान को 2 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है ताकि फर्जी आदेशों की फैक्ट्री का पूरा सच उगलवाया जा सके।

पुलिस का दावा है कि नीतू पर तत्कालीन स्पेशल जज विजय रावत की अदालत के नाम से फर्जी आदेश तैयार करने का गंभीर आरोप है। यानी न्याय की मुहर लगने से पहले ही आदेश टाइपिंग टेबल पर गढ़ दिए गए। इसगिरफ्तारी के दौरान कोर्ट परिसर में हंगामा भी मचा, वकीलों ने विरोध जताया, लेकिन पुलिस अपने इरादों पर अडिग रही। एसीपी कोतवाली विनोद दीक्षित के मुताबिक जिन आदेशों के आधार पर आईएएस संतोष वर्मा ने प्रमोशन हासिल किया, उनकी मूल प्रति आज तक पुलिस के हाथ नहीं लगी है। अदालत के रिकॉर्ड में ऐसे किसी आदेश का नामोनिशान तक नहीं है।

### अब आईएएस मीनाक्षी का विवादित वीडियो वायरल



**भोपाल।** अब आईएएस मीनाक्षी सिंह का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह जातिगत पहचान और जातिवाद को समय की जरूरत बता रही हैं। वीडियो में उन्होंने कहा है कि आज के दौर में जाति को पहचानना और उसी आधार पर एक-दूसरे का सहयोग करना जरूरी हो गया है। सवर्ण समाज के लोग सरनेम (उपनाम) देखकर पक्षपात करते हैं और यही मानसिकता हमें भी अपनानी होगी। अपने समाज के लोगों को पहचान कर उनकी मदद करनी चाहिए। यह वीडियो भी 23 नवंबर को भोपाल के आंबेडकर पार्क में आयोजित अजाक्स सम्मेलन का ही है जो अब वायरल हुआ है।



# समुद्र के 1200 फीट नीचे बन रही है दुनिया की सबसे गहरी सड़क

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

नॉर्वे अपनी सड़क को पूरी तरह से नाव-मुक्त बनाने की कोशिश रहा है। इसी बड़े प्लान का हिस्सा है यह रोगफास्ट सुरंग। उम्मीद है कि यह सुरंग साल 2033 तक बनकर पूरी हो जाएगी। यह सुरंग बर्गन और स्टावांगर जैसे बड़े शहरों को आपस में जोड़ेगी। अभी भी इन शहरों के बीच जाने में जो समय लगता है सुरंग बनने के बाद वह 40 मिनट कम हो जाएगा। इस गहराई में सड़क बनाना आसान काम नहीं है और वैज्ञानिकों के सामने बड़ी चुनौतियां हैं जैसे समुद्र के नीचे इतनी गहराई पर बहुत भारी दबाव होता है।

## 10 घंटों में पूरा होगा 21 घंटे का सफर



### बार-बार नाव की जरूरत नहीं

नॉर्वे एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट बना रहा है जिसे ई39 राजमार्ग कहा जाता है। इसका लक्ष्य दक्षिण के शहर क्रिस्टियनसैंड को उत्तर के ट्रॉनहेम से जोड़ना है। अभी नॉर्वे के पश्चिमी तट पर सफर करना बहुत मुश्किल है, रास्ते में सात बार समुद्र आता है जिसे पार करने के लिए नाव का इंतजार करना पड़ता है। इसके बनने के बाद सुरंगों का पुलों के बनने से लोगों को बार-बार नाव की जरूरत नहीं होगी और समय 10-11 घंटे ही रहे जाएगा।



### कितना मुश्किल है सुरंग को बनाना?

दुनिया की सबसे लंबी और गहरी सुरंग बनाना इंजीनियरों के लिए किसी बड़ी परीक्षा से कम नहीं है। काम करने वाली टीमें सुरंग के दोनों छोर से खुदाई शुरू तरती है। लक्ष्य यह है कि जब दोनों टीमें मिले उनमें 5 सेंटीमीटर से ज्यादा का अंतर न हो। इतनी लंबी सुरंग में सटीक निशाना लगाना बहुत बड़ी बात है।

### खारा पानी बन सकता है बड़ी समस्या

समुद्र के नीचे होने की वजह से खारा पानी सुरंग में रिस सकता है। वैज्ञानिक इसे रोकने के लिए लेजर स्कैनर जैसी मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सुरंग जब अपनी पूरी गहराई पर पहुंचेगी तो वहां पानी का दबाव 570 पीएसआई होता। यह दबाव इतना ज्यादा है कि बिना मजबूत के कोई भी चीज चिपक सकती है। हाई-टेक मशीनों का इस्तेमाल सटीकता बनाए रखने के लिए इंजीनियर लेडर गाइडेंस और कंप्यूटर मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है।

### कब तक बनकर होगा तैयार?

इस पूरे प्रोजेक्ट के 2050 तक पूरा होने की उम्मीद है। जब यह हाइवे और सुरंग पूरी तरह तैयार हो जाएंगी तो नॉर्वे के लोगों के सफर करने का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा। इसका पहला बड़ा फायदा होगा कि पूरा देश आपस में बहुत ही अच्छी तरह जुड़ जाएगा। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट का नया तरीका भी पर्यावरण के लिए भी बहतर होगा।

# वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने चलाया शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 'कॉलेज चलो अभियान'



**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा 18 दिसंबर 2025 को शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए कॉलेज चलो अभियान' का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम विशेष रूप से कक्षा 12 के विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर संरचित एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया, विभिन्न विषयों में उपलब्ध करियर विकल्पों, छात्रवृत्ति अवसरों तथा संस्थागत सुविधाओं एवं सहायता प्रणालियों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम में आयोजित संवादात्मक सत्रों एवं मार्गदर्शित चर्चाओं के माध्यम से महाविद्यालय प्रवेश एवं करियर योजना से संबंधित सामान्य जानकारियों की कमी को दूर किया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक निर्णय आत्मविश्वास के साथ लेने में सहायता मिली। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों से सीधे संवाद किया और उच्च शिक्षा से जुड़े प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया।

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में आयोजित कॉलेज चलो अभियान ने विविध पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को समयोचित मार्गदर्शन एवं जागरूकता प्रदान करते हुए उच्च शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया। यह कार्यक्रम स्वीकृत ढांचे के अंतर्गत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें आयोजन टीम के समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह पहल विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक जीवन के अगले चरण के लिए ज्ञान, दिशा एवं अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुई।

# मुथूट फाइनेंस ने की 'मुथूट शिक्षा ज्योति' की शुरुआत: उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत के 75 सरकारी स्कूलों में लाई डिजिटल शिक्षा

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी गोल्ड-लोन एनबीएफसी, मुथूट फाइनेंस ने अपनी नई सीएसआर पहल 'मुथूट शिक्षा ज्योति' की शुरुआत की है – जिसके तहत डिजिटल बुनियादी ढांचे के माध्यम से स्मार्ट शिक्षा को सक्षम किया जा रहा है। परियोजना के पहले चरण के रूप में, कई क्षेत्रों में सरकारी अपर प्राइमरी और हाई स्कूलों में 65 इंच स्क्रीन वाले 75 स्मार्ट इंटरैक्टिव पैनल लगाए गए हैं। यह कार्यक्रम औपचारिक रूप से पॉल जॉर्ज ग्लोबल स्कूल, अलकनंदा, नई दिल्ली में शुरू किया गया था, और इससे दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, लुधियाना (पंजाब), ओडिशा, मुंबई, गुजरात, राजस्थान, पुणे, कोलकाता, सिलीगुड़ी, रायपुर और गुवाहाटी के स्कूलों को लाभ मिलेगा। लॉन्च इवेंट में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विधानसभा के माननीय अध्यक्ष, विजेंदर गुप्ता, ग्रेटर कैलाश (जीके) निर्वाचन क्षेत्र की विधायक, श्रीमती शिखा रॉय, मुथूट फाइनेंस के संयुक्त प्रबंध निदेशक, अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट और मुथूट फाइनेंस के उप प्रबंध



निदेशक, श्री जॉर्ज एम. जॉर्ज उपस्थित थे। शुभारंभ अवसर पर बोलते हुए, मुथूट फाइनेंस के संयुक्त प्रबंध निदेशक, श्री अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा, "शिक्षा हमारे सीएसआर दर्शन का आधार बनी हुई है, जो हमारे कुल सीएसआर खर्च का लगभग 75 प्रतिशत है। 'मुथूट शिक्षा ज्योति' के माध्यम से, हम सरकारी स्कूलों में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहे हैं ताकि विभिन्न क्षेत्रों के छात्रों के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा तक बेहतर पहुंच सक्षम हो सके।" मुथूट फाइनेंस के उप प्रबंध निदेशक, जॉर्ज एम जॉर्ज ने कहा, "हमारा सीएसआर दृष्टिकोण जमीनी स्तर पर दीर्घकालिक प्रभाव बनाने पर केंद्रित है। 'मुथूट शिक्षा ज्योति' के साथ, हम डिजिटल शिक्षण उपकरणों तक पहुंच को सक्षम करके एक वास्तविक बुनियादी ढांचे के अंतर को दूर कर रहे हैं जो रोजमर्रा के कक्षा शिक्षण में शिक्षकों और छात्रों दोनों का समर्थन कर सकता है।"


# मंगल पर लॉन्ग ड्राइव के लिए तैयार है नासा का रोवर

वॉशिंगटन। नासा का परसेवरेंस रोवर पिछले लगभग 5 सालों से मंगल ग्रह की पथरीली और धूल भरी सतह पर घूम रहा है। इस दौरान इसने करीब 40 किलोमीटर का सफर तय कर लिया है। अब वैज्ञानिकों ने इसकी गहराई से जांच की है और जो नतीजे सामने आए हैं, वे हैरान करने वाले हैं। मंगल ग्रह का वातावरण बहुत ही कठिन है, क्योंकि वहां कड़ाके की ठंड, धूल भरी आंधियां और उबड़-खाबड़ रास्ते हैं। ऐसे में रोवर की मशीनों को सही सलामत रखना बड़ी चुनौती है। नासा की जेपीएल टीम ने रोवर के लगभग हर हिस्से की जांच की।

### क्या रहा टेस्ट का नतीजा?

रोवर के पहियों को घूमाने वाले पुर्जों (जिन्हें रोटरी एक्चुएटर कहा जाता है) का टेस्ट किया गया। इस टेस्ट में रोवर पूरी तरह सफल रहा और वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि रोवर अभी 60 किलोमीटर और चलने के लिए तैयार है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इससे मिशन की समयसीमा काफी बढ़ गई है।

**कड़ाके की ठंड में भी जारी रखेगा सफर**



### कब तक कर सकेगा काम?

रोवर इंजीनियरों के अनुसार, परसेवरेंस रोवर की बनावट और इंजीनियरिंग इतनी शानदार है कि यह साल 2031 तक मंगल ग्रह पर काम कर सकता है। हाल ही में 19 जून 2025 को इस रोवर ने एक ही दिन में 411.7 मीटर की दूरी तय करके अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके कैमरों ने इस यात्रा का डेटा धरती पर भेजा जिसकी मदद से वैज्ञानिकों ने मंगल के रास्तों का 3डी मॉडल बनाया।

### क्या खोज कर रहा है रोवर?

परसेवरेंस रोवर इस समय मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के इलाके में है। माना जाता है कि अरबों साल पहले यहां एक बड़ी झील और नदी हुआ करती थी। रोवर के मुख्य काम की बात करें तो, इसका काम यह पता लगाना है कि क्या कभी मंगल पर जीवन मौजूद था या नहीं।



### चेयावा फॉल्स के पास रोवर को क्या मिला?

रोवर ने चेयावा फॉल्स नाम की एक खास चट्टान का नमूना लिया है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस चट्टान के अंदर प्राचीन जीवन के कुछ निशान मिल सकते हैं। यह रोवर अब लैक डे चार्म्स नाम के एक नए और रोमांचक इलाके की तरफ बढ़ रहा है। इंजीनियर अब रोवर के ब्रेक सिस्टम की जांच कर रहे हैं। जेपीएल के उप-परियोजना प्रबंधक स्टीव ली ने बताया कि, रोवर की स्थिति एक्सीलें है और इसके सभी सिस्टम मंगल ग्रह के अनछुए हिस्सों की खोज करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# धरती के करीब से गुजरा रहस्यमय धूमकेतु 3I/ एटलस

**वॉशिंगटन।** 19 दिसंबर को एक अनोखा धूमकेतु (कॉमेट) धरती के पास से गुजरा, जिसका नाम 3I/ एटलस है। यह हमारे सौरमंडल का नहीं है, बल्कि सोलर सिस्टम के बाहर से आया है। वैज्ञानिकों के लिए यह इस बाहरी मेहमान को करीब से समझने का मौका है। 1 जुलाई को चिली की एटलस दूरबीन ने इसकी खोज की थी, जो अंतरिक्ष से आने वाला तीसरा धूमकेतु है। इससे पहले ओमुआमुआ और बोरिसोव नाम के यात्री सौरमंडल में आए थे। यह कॉमेट दूर अंतरिक्ष से आया है और वहीं वापस चला जाएगा। बता दें कि यह तेजी से धरती की तरफ बढ़ रहा है।

### एलियन होने की बातें आई थी सामने

पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या यह कोई एलियन जहाज है? लेकिन नासा ने इस बात को पूरी तरह से खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सिर्फ एक बर्फीला पिंड है। जैसे-जैसे यह सूरज के करीब आता है, इसकी चमक और भी बढ़ती जाती है। अच्छी बात यह है कि इस कॉमेट से धरती को कोई खतरा नहीं है। यह हमसे दूर ही रहेगा और कम से कम 27 करोड़ किमी की दूरी से गुजरा।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नहीं तो पैसे वापिस
8515825081
9083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (विज्ञप्ति एवं रंगीन) क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# रात होते ही गायब हो जाता है ये आइलैंड! सुबह से शाम रहती है लोगों की भीड़

**मनीला।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो ने सबको हैरान कर रखा है। एक खूबसूरत रेतीला द्वीप, सफेद रेत, नीला पानी और हजारों टूरिस्ट्स की भीड़. लेकिन जैसे ही सूरज ढलता है, पूरा द्वीप गायब हो जाता है।जी हां, जहां दिनभर लोग दिखाई देते हैं, वो जगह पानी में गायब हो जाती है।रात में वहां सिर्फ समुद्र ही समुद्र दिखता है, कोई आइलैंड का नामोनिशान नहीं रहता। सुबह फिर वही द्वीप दोबारा उभर आता है।ऐसे में लोग पूछ रहे हैं कि क्या ये कोई जादुई जगह है? आपको बता दें कि इसका जवाब है नहीं। ये कोई जादुई जगह नहीं बल्कि ये फिलीपींस का मशहूर 'वैनिशिंग आइलैंड' है, जो असल में एक टाइडल सैंडबार है। ये आइलैंड बोहोल प्रांत के पास लिलिबोरन और पंगलाओ के बीच स्थित है। असल में ये कोई स्थायी द्वीप नहीं, बल्कि समुद्र के बीच में बना एक बड़ा रेत का टीला है। जब ज्वार नीचा होता है (सुबह 8 बजे से दोपहर 3-4 बजे तक), तो पानी कम हो जाता है और पूरा सैंडबार ऊपर आ जाता है। ये करीब 1 किलोमीटर लंबा और 300 मीटर चौड़ा है। टूरिस्ट बोट से आते हैं, फिर पैदल घूमते हैं, स्नॉर्कलिंग करते हैं, सी-फूड खाते हैं, फोटोशूट करवाते हैं। बीच पर अस्थायी छाते, टेबल-कुर्सियां, फोटो प्रॉप्स सब लग जाते हैं। दिन में यहां 2000-3000 लोग आसानी से आ जाते हैं। लेकिन, जैसे ही शाम 4-5 बजे ज्वार चढ़ने लगता है, पानी धीरे-धीरे ऊपर आने लगता है। पहले छाते डूबते हैं, फिर टेबल-कुर्सियां, फिर पूरी रेत. शाम 6 बजे तक पूरा आइलैंड 3-5



**अंधेरा होते ही पसर जाता है सन्नाटा**

फीट पानी में डूब जाता है। रात में सिर्फ गहरा समुद्र रह जाता है। इसीलिए इसे 'वैनिशिंग आइलैंड' या 'डिसअपीयरिंग आइलैंड' कहते हैं। लोकल टूर गाइड बताते हैं कि टूरिस्ट्स को हमेशा 3:30 बजे तक वापस बुला लिया जाता है। अगर कोई लेट हो जाए तो बोट वाले डबल चार्ज करते हैं। कई बार कपल्स रोमांस में इतना खो जाते हैं कि लेट हो जाते हैं और फिर रात में नाव से रेस्क्यू करना पड़ता है। 2025 में ये जगह फिलीपींस के टॉप 5 टूरिस्ट स्पॉट्स में शुमार की गई है। दुनिया में ऐसे कई टाइडल सैंडबार हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया का ग्रेट सैंडी, भारत का दिवा द्वीप (गुजरात) भी ऐसा ही है, लेकिन फिलीपींस वाला सबसे खूबसूरत और सबसे ज्यादा वायरल है। यहां का पानी इतना साफ है कि डूबने से पहले भी नीचे मूंगा और मछलियां साफ दिखती हैं।

# 1.3 करोड़ सैलरी, फिर भी नौकरी करने से कतरा रखा शख्स

**न्यूयार्क।** एजुकेशन पूरी होने के बाद हर कोई चाहता है कि उसको अच्छे पैकेज वाली जॉब मिले, लेकिन यह उनकी डिग्री और स्किल पर निर्भर करता है।कई मामलों में मोटी सैलरी का पैकेज मिलने के बाद भी नौकरीपेशा लोग इस पर विचार करने की बात करते हैं। दुनियाभर में अलग-अलग तरह के काम हैं और इन कामों का वेतन वर्क नेचर के आधार पर तय किया गया है। इसमें कई अनकंफर्टेबल काम भी होते हैं, तो कुछ ऑफिस वर्क। अब रेडिट पर वायरल एक पोस्ट ने लोगों को अचंभे में डाल दिया है। इस पोस्ट में बताया गया है कि एक शख्स को 1.3 करोड़ रुपए की सैलरी वाली जॉब मिली है। इसमें उसे रहना और खाना सब फ्री मिलेगा, लेकिन यह शख्स इस नौकरी को करने या ना करने पर लोगों की सलाह मांग रहा है।

# भारती एयरटेल में शीर्ष नेतृत्व में बदलाव

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने सुव्यवस्थित उत्तराधिकार योजना के तहत शीर्ष नेतृत्व स्तर पर अहम बदलावों की घोषणा की है। 1 जनवरी 2026 से गोपाल विट्टल कंपनी के एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन का पद संभालेंगे। वे एयरटेल और उसकी सभी सहायक कंपनियों की निगरानी के साथ-साथ समूह स्तर पर डिजिटल, टेक्नोलॉजी, नेटवर्क रणनीति, प्रोक्योरमेंट और टैलेंट जैसे क्षेत्रों में तालमेल को आगे बढ़ाएंगे। वहीं, शश्वत शर्मा 1 जनवरी 2026 से भारती एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ बनेंगे। वर्तमान सीईओ डेजिग्नेट के रूप में उन्होंने पिछले एक वर्ष में इस भूमिका की तैयारी की है और वे गोपाल विट्टल को रिपोर्ट करेंगे। इसके अलावा, सौमेन रे को ग्रुप का चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जबकि अखिल गर्ग भारती एयरटेल इंडिया के सीएफओ होंगे। रोहित पुरी कंपनी सेक्रेटरी और कंप्लायंस ऑफिसर की जिम्मेदारी संभालेंगे। चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने इस बदलाव को निरंतरता और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** – मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6083



**बाएँसेदाएं**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -6082 का हल



## सूडोकु नवताल - 6093

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6092 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# एशेज : हेड ने इंग्लैंड को फिर दिया 'हेडेक', शतक ठोककर ऑस्ट्रेलिया को दिलाई जबरदस्त बढ़त

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

ट्रेविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है।

हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। इससे पहले उन्होंने रूट की एक स्पिन गेंद को ऑन-साइड में खेला और एक रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन उनके साथी बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने उन्हें वापस भेज दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया।

### हेड का कैच टपकाना इंग्लैंड को पड़ा महंगा

तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय हेड 142 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया टीम के अपने साथी खिलाड़ी कैरी (52) के साथ 122 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। ब्रुक ने इससे पहले जोश टोंग की गेंदबाजी पर मार्नस लाबुशेन (13) और कैमरून ग्रीन (सात) का स्लिप में शानदार कैच लपका था लेकिन हेड का कैच टपकाना टीम के लिए महंगा साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली।



### नौवें विकेट के लिए स्टोक्स और आर्चर की रिकॉर्ड साझेदारी

बेन स्टोक्स ने सुबह के सत्र में जोफ्रा आर्चर के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड के एशेज अभियान में जान फूंकने की कोशिश की। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त 85 रन तक सिमट गई। यह एडिलेड में इंग्लैंड के लिए नौवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। मिचेल स्टार्क की गेंद पर 83 रन पर बोल्ड होने के बाद स्टोक्स निराशा में खुद को कोसते हुए मैदान से बाहर निकले। उन्होंने 198 गेंद की पारी में संयमित पारी में आठ चौके लगाए जबकि आर्चर ने 51 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पहले ब्रायडन कार्स की गेंद पर जेक वेदरल्ड (एक) का विकेट गंवाया।

### ग्रीन नही कर सके दूसरी पारी में प्रभावित

लंच के समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 17 रन था। दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 102 रन जोड़ते हुए मार्नस लाबुशेन (13) का विकेट गंवाया जबकि चाय के विश्राम के बाद उस्मान ख्वाजा (40) ने तीसरे विकेट के लिए हेड के साथ 86 रन की साझेदारी के साथ मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत बनाए रखी।पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे ग्रीन दूसरी पारी में प्रभावित नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हुए।

---

## खबर संक्षेप



### शुभंकर ने खेला दो ओवर कार्ड, 71वें स्थान पर पहुंचे


**पोर्ट लुईस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अफ्रएशिया बैंक मॉरीशस ओपन के शुरुआती दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर है। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में शुभंकर का स्कोर 13वें होल तक एक अंडर था लेकिन उन्होंने इसके बाद डबल बोगी और और बोगी कर दिया। शुभंकर ने इस दौरान तीन बर्डी, तीन बोगी के अलावा 16वें होल में डबल बोगी कर दी। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस और स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन एक समान पांच-अंडर-पार 67 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर हैं।

### वीनिंक छोड़ेंगे न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ का पद



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्कॉट वीनिंक खेल की भविष्य की दिशा विशेष रूप से टी20 क्रिकेट की भूमिका को लेकर खिलाड़ियों और सदस्य संघों से मतभेदों के बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। ढाई साल से इस पद पर रहे वीनिंक का कार्यकाल 30 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। ऐसी खबरें है कि वीनिंक देश में प्रस्तावित फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के खिलाफ है। इस प्रस्तावित लीग को न्यूजीलैंड के खिलाड़ी संघ और एनजेडसी के छह प्रमुख राज्य निकायों का समर्थन प्राप्त है। वीनिंक ने कहा, 'गहन विचार-विमर्श के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खेल की दीर्घकालिक दिशा और न्यूजीलैंड में टी20 क्रिकेट की भूमिका सहित एनजेडसी की भविष्य की प्राथमिकताओं पर मेरा दृष्टिकोण कई सदस्य संघों और एनजेडसीपीए से भिन्न है।' उन्होंने कहा,'इन मतभेदों को देखते हुए मेरा मानना है कि संगठन के सर्वोत्तम हित में यही होगा कि नया नेतृत्व एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए।'

### खुद को चुनौती देना जरूरीः चक्रवर्ती



**अहमदाबाद।** स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि टी20 विश्व कप की तैयारी में उनका पूरा ध्यान अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर भरोसा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आसान दिखने वाले मैचों में भी खुद को मानसिक रूप से चुनौती देने पर केंद्रित है। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 32 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिए हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती तीन मैचों में लिए गए छह विकेट भी शामिल हैं। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के खिताब की रक्षा के लिए चक्रवर्ती काफी अहम खिलाड़ी है।

---

अंडर-19 एशिया कप

**श्रीलंका को 8 विकेट से रौंदकर भारत ने फाइनल में रखा कदम**

## नौवीं बार फाइनल में पहुंचा भारत अब पाकिस्तान से खिताबी टक्कर

दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में भारत ने विहान मल्होत्रा और आरोन जॉर्ज की शानदार बल्लेबाजी के दम पर आठ विकेट से जीत दर्ज की और नौवीं बार फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें भारत का सामना अब पाकिस्तान से होगा।




एजेंसी ▶▶| दुबई

एसीसी अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया का जीत का सिलसिला जारी है। बारिश के कारण 50-50 ओवर के सेमीफाइनल को 20-20 ओवर का टी20 मैच बनाया गया। श्रीलंका की टीम पहले खेलते हुए केवल 138 रन ही बना सकी। इसके बाद विहान (61) और जॉर्ज (58) की शानदार बैटिंग के दम पर भारत ने आठ विकेट से आसानी से जीत हासिल की और नौवीं बार फाइनल में प्रवेश किया। भारत का सामना दूसरे सेमीफाइनल में गत चैंपियन बांग्लादेश को हराने वाली पाकिस्तान टीम से होगा।

### पटेल व चौहान ने झटके दो-दो विकेट

दुबई में बारिश के कारण वनडे मैच को 20-20 ओवर्स का किया गया। अंडर-19 टीम इंडिया के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की शुरुआत सही नहीं रही और 28 रन पर तीन विकेट गिर चुके थे। इसके बाद कप्तान विमथ दींसारा ने 29 गेंद में चार चौके की मदद से 32 रन बनाए। नंबर पांच पर आए चमिका हीनातिगाला ने 38 गेंद में तीन चौकों की मदद से 42 रन की पारी खेली। वहीं नंबर आठ पर आए सेठमिका सेनेविरत्ने ने 22 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए, जिससे श्रीलंका की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन बनाए और भारत के लिए हेनिल पटेल व कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट झटके।

### 21 दिसंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला

जॉर्ज और विहान की पारी से अंडर-19 टीम इंडिया ने 18 ओवर में दो विकेट खोकर 139 रन बनाकर आसानी से आठ विकेट से जीत दर्ज की। अब टीम इंडिया फाइनल में पाकिस्तान को हराकर आठवीं बार इस खिताब पर कब्जा जमाना चाहेगी। फाइनल मुकाबला 21 दिसंबर को खेला जाएगा।

### मल्होत्रा-जॉर्ज ने दिलाया फाइनल का टिकट

139 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरे कप्तान आयुष म्हात्रे (7) और वैभव सूर्यवंशी (9) कुछ खास नहीं कर सके, जिससे भारत का स्कोर 25 पर दो विकेट हो गया। इसके बाद फॉर्म में चल रहे आरोन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा ने टीम को जीत की तरफ बढ़ाया। मल्होत्रा ने 35 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से फिफ्टी पूरी की। विहान ने 45 गेंद में चार चौके और दो छक्कों से 61 रन बनाए, जबकि जॉर्ज ने 49 गेंद में चार चौके और एक छक्का लगाकर 58 रन की नाबाद पारी खेली।

---

सीआईडीसीओ ओपन

## अहलावत ने जीता खिताब खेला 4 अंडर 67 का कार्ड



एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

वीर अहलावत ने सीआईडीसीओ ओपन गोल्फ के अंतिम दिन चार अंडर 67 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। गुरुग्राम के इस खिलाड़ी ने इससे पहले शुरूआती तीन दौर में 65-65-73 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। अहलावत का कुल स्कोर 14 अंडर 270 रहा।

तीन शॉट की इस जीत से अहलावत मौजूदा सत्र की पीजीटीआई रैंकिंग में 18वें से 11वें पायदान पर पहुंच गए। तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर रहे पुणे के रोहन धोले पाटिल (70-69-64-70) 11 अंडर 273 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यह पीजीटीआई स्पर्धा में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुरुग्राम के मनु गंडास (68-68-70-68) और इटली के मिशेल ओर्टोलानी 67-66-72-69) 10-अंडर 274 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान तीसरी बार 'होल इन वन (एक शॉट में ही गेंद को होल में पहुंचाना) लगाने वाले चंडीगढ़ के रवि कुमार 71 का कार्ड खेल कुल चार अंडर 280 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया।

### विजय हजारे ट्रॉफी : अय्यर बने मप्र टीम के कप्तान

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने वेंकटेश अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी लीग स्टेज के लिए अपनी सीनियर पुरुष टीम का कप्तान बनाया है। यह टूर्नामेंट 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक अहमदाबाद में होगा। मध्यप्रदेश के लिए कप्तानी की यह भूमिका अय्यर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। टीम में अनुभवी खिलाड़ी यश दुबे और कुमार कार्तिकेय भी शामिल हैं। इसके अलावा शुभम शर्मा और हरप्रीत सिंह भी 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं, जबकि माधव तिवारी का चयन उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

---

टी20 वर्ल्ड कप

## श्रीलंका ने चुने 31 खिलाड़ी शनाका को बनाया कप्तान



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका ने भारत के साथ सह मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप की प्रारंभिक टीम में चरित असलंका को कप्तानी से हटाते हुए दासुन शनाका को कप्तान बनाया है। चयन समिति के प्रमुख के रूप में लौटे प्रमोदया विक्रमसिंघा ने कहा कि पिछले तीन विश्व कप खेलने का शनाका का अनुभव और बल्लेबाजी में असलंका का खराब फॉर्म इस फैसले का आधार था। इस्लामाबाद में आत्मघाती बम विस्फोट में नौ लोगों के मारे जाने के बाद असलंका पिछले महीने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान के सीमित ओवरों के दौरे पर भी नहीं गए थे।

विक्रमसिंघा ने कहा ,'शनाका हरफनमौला की भूमिका में होंगे। हमे उम्मीद है कि असलंका बल्लेबाजी में पुराना फॉर्म हासिल करेंगे। मुख्य कोच सनत जयसूर्या से मशविरे के बाद हमने तय किया कि बहुत सारे बदलाव करने की जरूरत नहीं है लिहाजा टीम वही होगी।

### श्रीलंका की संभावित टीम

दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डिसिल्वा, निरोशन डिकवेला, जनिथ लियानागे, चरित असलंका, कामिंदु मेंडिस, पवन रत्नायके, सहन अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालागे, मिलन रत्नायके, नुवान तुषारा, एशान मलिंगा, दुष्मंता चामीरा, प्रमोद मदुशान, मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महीष तीक्षणा, दुशान हेमंता, विजयकांत वियासकांत, ट्रावीन मैथ्यू ।

## चावला का 36 साल में जलवा झटके चार विकेट झटके नाइट राइडर्स को जिताया

**अबूधाबी।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला (27 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर अबूधाबी नाइट राइडर्स ने इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) मैच में गल्फ जायंट्स को चार गेंद शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। टीम सात मैचों में तीसरी जीत के बाद छह अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। रहमानुल्लाह गुरबाज की 45 गेंद में 72 रन की पारी से गल्फ जायंट्स ने सात विकेट पर 165 रन बनाए लेकिन नाइट राइडर्स ने 19.2 गेंद में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स (39 गेंद में 46 रन) और फिल सॉल्ट (24 गेंद में 35 रन) ने पहले विकेट के लिए 44 गेंद में 61 रन की साझेदारी के साथ टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद शरफेन रदरफोर्ड (22 गेंद में 30 रन) और आंद्रे रसेल (13 गेंद में नाबाद 21 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिला दी। जायंट्स की ओर से तबरेज शम्सी ने तीन जबकि फ्रेड क्लासेन ने दो विकेट लिए। गुरबाज ने अपनी पारी में चार चौके और पांच छक्के जड़े लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को पार नहीं कर सका।

## मोरक्को ने जॉर्डन को हराया, जीता अरब कप का खिताब



**दोहा।** अब्दररज्जाक हामेद अल्लाह के दो गोल से मोरक्को ने अतिरिक्त समय तक चले अरब कप के फाइनल में जॉर्डन को 3-2 से पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। लुसैल स्टेडियम में हामेद अल्लाह ने 88वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 100वें मिनट में विजयी गोल करके मोरक्को को 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' से पहले अरब कप ट्रॉफी दिला दी। फाइनल के चार मिनट से भी कम समय में ओसामा तन्नाने ने सेंटर लाइन के पीछे से शानदार स्ट्राइक लगाकर मोरक्को को बढ़त दिलाई थी। अली ओलवान के 48वें मिनट में हेडर से गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया और 68वें मिनट में पेनल्टी से जॉर्डन को बढ़त दिला दी।

---

न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज टेस्टः न्यूजीलैंड ने की पहली पारी 575/8 रन पर घोषित

## कॉनवे का दोहरा शतक, कीवी टीम को बढ़त, विंडीज की सधी शुरुआत

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

डेवोन कॉन्वे के करियर के दूसरे दोहरे शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 575 रन पर घोषित की। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के सामने हालांकि वेस्टइंडीज की सलामी जोड़ी दबाव में नहीं आईऔर टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 110 रन बना लिए। स्टंप्स के समय ब्रेंडन किंग 55 जबकि जॉन कैंपबेल 45 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है।

किंग ने 63 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि उनकी और कैंपबेल की जोड़ी ने दिन के आखिरी सत्र में अपनी पारी के 23 ओवर में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। न्यूजीलैंड तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। श्रृंखला का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था जबकि दूसरे टेस्ट को मेजबान टीम ने नौ विकेट से जीता था।



### कॉन्वे ने की साढ़े आठ घंटे की मैराथन बल्लेबाजी

इससे पहले कॉन्वे ने लगभग साढ़े आठ घंटे की मैराथन बल्लेबाजी में 227 रन के साथ अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 200 रन था, जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2021 में लॉर्ड्स में अपने पदार्पण टेस्ट में बनाया था। टॉम लैथम के साथ 323 रनों की पहले विकेट की साझेदारी निभाने के साथ कॉन्वे ने 508 मिनट और 367 गेंद की पारी में 31 चौके लगाए। लैथम ने पहले दिन 145 रन बनाए और रचिन रविंद्र ने दूसरे और तीसरे सत्र में अर्धशतकीय पारी खेली। पारी घोषित करते समय रचिन 72 रन बनाकर नाबाद रहे।

### रोच ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं की गेंदबाजी

केमार रोच मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गेंदबाजी नहीं कर सके जबकि शाई होप किसी अज्ञात बीमारी के कारण दूसरे दिन के खेल के दौरान होटल में ही रहे। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 334 रन से आगे से की। इस समय कॉन्वे 178 रन पर खेल रहे थे। उन्होंने दिन की पहली गेंद पर चौका जड़ा और फिर 316 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वेस्टइंडीज के गेंदबाज हालांकि एक छोर से लगातार विकेट चटकाने में सफल रहे। रात्रि प्रहरी जैकब डफी (17) और केन विलियमसन (31) लंच से पहले आउट हुए जबकि डेरिल मिचेल (11) और टॉम ब्लंडेल (चार) का विकेट दूसरे सत्र में गिरा। ग्लेन फिलिप्स (29) दिन के आखिरी सत्र में पवेलियन लौटे।

Government of Assam


HONOURING ASSAM'S PATHFINDER

*If Sardar (Vallabhbhai) Patel and Gopinath Bardoloi had not taken a strong stand at the time of Partition, then Assam's identity would not have been what it is today*


**Shri Narendra Modi**
Prime Minister



Unveiling the Statue of
**Bharat Ratna**
**Lokapriya Gopinath Bardoloi**
at LGBI Airport, Borjhar, Guwahati



Chief Guest
**Shri Narendra Modi**
**Prime Minister**



In august presence of

**Shri Lakshman Prasad Acharya**
Governor, Assam

**Dr Himanta Biswa Sarma**
Chief Minister, Assam

20 December 2025 | 2 PM

DIPR/D/HBI/681/20 Dec-25

Published by **Directorate of Information and Public Relations, Assam** | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### कटनी कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस

# कब्रिस्तान की जमीन से बेदखल करने के आदेश पर यथास्थिति के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने कटनी के स्लीमनाबाद में कब्रिस्तान की जमीन से बेदखल करने के आदेश पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कटनी कलेक्टर, एसडीओ, तहसीलदार स्लीमनाबाद और थाना प्रभारी स्लीमनाबाद को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कटनी निवासी निसार बेग व अन्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि स्लीमनाबाद में मुस्लिम समुदाय द्वारा पिछले दो सौ सालों से खसरा नंबर 54 के अंश भाग (करीब 3 एकड़) का इस्तेमाल कब्रिस्तान के रूप में कर रहे हैं। राजस्व विभाग ने उक्त जमीन का परिसीमन कराया है और बेदखल कर रहे हैं। दलील दी गई कि उक्त जमीन में एक हजार से अधिक कब्रें बनी हैं। चूंकि इस जमीन का इस्तेमाल इतने लंबे समय से हो रहा है, इसलिए इस तरीके से बेदखल नहीं किया जा सकता।



### गृह सचिव सहित अन्य को नोटिस

## हाईकोर्ट ने एएसपी के स्थानांतरण पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा को सिवनी से भोपाल मुख्यालय स्थानांतरित किए जाने पर जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इसके लिए सात जनवरी तक का समय दिया गया है। अपीलकर्ता की ओर से अधिवक्ता निखिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलकर्ता का स्थानांतरण चंबल क्षेत्र से हाल ही में सिवनी किया गया था। वहीं सिवनी में पदस्थ एसडीओपी दीपक मिश्रा को पदोन्नत कर भोपाल मुख्यालय में एएसपी नियुक्त किया गया था। इसके बाद अपीलकर्ता का स्थानांतरण भोपाल मुख्यालय कर दिया गया और उनके स्थान पर सिवनी में पुनः दीपक मिश्रा को एएसपी के पद पर पदस्थ कर दिया गया। जिसे हाई कोर्ट में याचिका के जरिए चुनौती दी थी, लेकिन राहत नहीं मिली, अतः अपील दायर की गई। अपीलकर्ता की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के प्रकाश सिंह के मामले का हवाला देते हुए कहा गया कि आवेदक का स्थानांतरण पुलिस स्टेबलिसमेंट बोर्ड की अनुमति व अनुशंसा पर नहीं किया गया, जब वह जरूरी है। डीएसपी के ऊपर के अधिकारियों के स्थानांतरण बोर्ड ही कर सकता है।

# पश्चिम मध्य रेलवे से गुजरेगी स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से, रेल प्रशासन द्वारा तिरूपति-प्रयागराज वन वे एवं जयपुर–बांद्रा टर्मिनस–जयपुर के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। यह स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेलवे से गुजरेंगी।



**07298 तिरूपति-प्रयागराज वन वे स्पेशल ट्रेन (01 ट्रिप)** गाड़ी संख्या 07298 तिरूपति से प्रयागराज वन वे स्पेशल ट्रेन दिनांक 20 दिसंबर 2025 को तिरूपति से 08:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13:15 बजे इटारसी, 15:15 बजे भोपाल एवं 17:55 बजे बीना आगमन कर तीसरे दिन भोर 04:30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

**09703/09704 जयपुर–बांद्रा टर्मिनस–जयपुर स्पेशल ट्रेन (01-01 ट्रिप)** गाड़ी संख्या 09703 जयपुर–बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन दिनांक 25 दिसंबर 2025 (गुरुवार) को जयपुर से 08:10 बजे प्रस्थान कर 11.05/11.25 बजे सवाई माधोपुर, 12.50/12.55 बजे कोटा, 13.48/13.50 बजे रामगंजमंडी, 14.13/14.15 बजे भवानीमंडी, 15.28/15.30 बजे विक्रमगढ़ आलोट होते हुए अगले दिन 07:25 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09704 बांद्रा टर्मिनस–जयपुर विशेष ट्रेन दिनांक 26 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) को बांद्रा टर्मिनस से 10:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 23.51/23.53 बजे विक्रमगढ़ आलोट, 01.00/01.02 बजे भवानीमंडी, 01.22/01.24 बजे रामगंजमंडी, 02.35/02.45 बजे कोटा, 04.30/05.00 बजे सवाई माधोपुर होते हुए 07:30 बजे जयपुर पहुंचेगी।

## पत्नी को प्रताड़ित करने वाले पति पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत राधा स्वामी का बाडा फूटाताल में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराई है। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार राधा स्वामी का बाड़ा फूटाताल निवासी 27 वर्षीय श्रीमति अंशी ठाकुर ने बेलबाग थाने में लिखित शिकायत की है कि उसका विवाह 7 जून 2023 को भगवानगंज सागर निवासी आयुष ठाकुर के साथ हुआ था। विवाह में उसके पिता अपनी सामर्थता से नगदी एवं सोने के गहने तथा गृहस्थी का सामान दिया था लेकिन उसके पति शादी में मिले दान दहेज से खुश नहीं थे। वह मायके से 12 लाख रूपये एवं कार की मांग करते रहे। समझाने पर कुछ दिन ठीक रहा। इसी दौरान वह गर्भवती हो गयी थी। उसके बाद उसके पति ने दूध में कोई पाउडर मिलाकर दिया जिससे उसका गर्भपात हो गया। पति से पूछा कि दूध में क्या मिलाकर पिलाये हो तो पति बाम्बे जाने का बहाना करके वहां से चला गया, उसके बाद से वह अपने माता पिता के साथ रह रही थी जनवरी 2024 मे पति उसे समझाकर ससुराल ले गया फिर 1-2 माह बाद ससुराल वाले उसे पुनः दहेज के लिये प्रताड़ति करने लगे, पति उसके साथ मारपीट करने लगा, कुछ समय बाद उसकी तबियत खराब होने से 26 मई 2024 को पति उसे मायके छोड़कर चला गया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोध डालने वाले चालक के खिलाफ एफआईआर, यातायात व्यवस्था बहाल

### परिवहन सुरक्षा दस्ते ने की कार्रवाई

**जबलपुर।** परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार संभागीय परिवहन सुरक्षा दस्ता, जबलपुर द्वारा नियमित वाहन जांच कार्यवाही की जाती है जिसके अंतर्गत शुक्रवार को वाहन जाँच के दौरान वाहन क्रमांक CG04NT0804 के चालक अरविंद पिता कैलाशचंद, निवासी देवास द्वारा जांच एवं कार्रवाई के दौरान असहयोगात्मक रवैया अपनाया गया तथा जानबूझकर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया, जिससे आमजन एवं भारी वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(1), 127(2), 285 एवं 270 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। उड़नदस्ता प्रभारी राजेंद्र साहू एवं हमराह स्टाफ आरक्षक आशुतोष मोघे, आरक्षक पीयूष मरावी, आरक्षक श्रीमती वंदना परतेती एवं अन्य स्टाफ पुलिस सहयोग से राष्ट्रीय राजमार्ग पर उत्पन्न स्थिति को नियंत्रित किया एवं यातायात व्यवस्था को पुनः सामान्य किया गया।



प्रभारी राजेंद्र साहू ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोध, शासकीय कार्य में बाधा एवं कानून की अवहेलना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों में कानून के तहत कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर उपयंत्री की वेतन वृद्धि रोकी

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने जनसमस्याओं के निराकरण में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए सीएम हेल्पलाइन कार्यों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में संभाग क्रमांक-15 सुहागी के उपयंत्री राज नारायण सराफ की एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए गए हैं। निगमायुक्त द्वारा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा के लिए बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक में उपयंत्री बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की गई। निगमायुक्त अहिरवार ने स्पष्ट किया कि सीएम हेल्पलाइन शासन की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसमें किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा जनता की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

# प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तेज और जवाबदेह बनाएं

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने 20वीं राज्य स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तेज और जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन और कांट्रेक्टर्स व वेंडर्स के लंबित भुगतानों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने पर जोर दिया। एम.डी. ने कहा कि समय पर भुगतान से कार्यों की गति और गुणवत्ता में सुधार होता है। वहीं, कार्य में लापरवाही बरतने वाले डिफाल्टर कांट्रेक्टर्स व वेंडर्स को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए। ब्लैकलिस्ट एजेंसियां प्रदेश की किसी भी विद्युत कंपनी में कार्य नहीं कर सकेंगी। बैठक में राष्ट्रीय हित की परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूरा करने, नई तकनीकों के समावेश, तथा जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के सख्त पालन पर भी बल दिया गया। सुरक्षा मानकों में चूक पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। समीक्षा बैठक में ट्रांसमिशन परियोजनाओं की प्रगति, लाइनों और सबस्टेशनों के लोड की समीक्षा की गई, जिसमें मुख्यालय और फील्ड स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।





# पेंशनर्स की शेष 2% डीआर राशि एवं अन्य लंबित देयकों का शीघ्र होगा भुगतान

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर के पेंशनर समाज का रजत जयंती समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि पेंशनर्स नगर निगम की धरोहर हैं और उनके अनुभव व ज्ञान का लाभ समाज के हित में लिया जाना चाहिए। उन्होंने पेंशनर्स की शेष 2 प्रतिशत डीआर राशि एवं अन्य लंबित देयकों के शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब सेवानिवृत्ति के दिन ही समस्त भुगतान किया जाएगा। निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने पेंशनर्स के प्रकरणों के त्वरित निराकरण और सदन के सहयोग का भरोसा दिलाया। समारोह में पूर्व उपनिगम आयुक्त सच्चिदानंद शेकटकर सहित अन्य वक्ताओं ने पेंशनर्स के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सभी उपस्थित पेंशनरों को महापौर द्वारा जैकेट भेंट की गई, जिसे पाकर पेंशनर्स के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का संचालन कपिल दुबे ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर.के. चतुर्वेदी ने किया।



# होम्योपैथी एनीमिया के उपचार में प्रभावी: डॉ. ए.के. द्विवेदी

**जबलपुर।** हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयोजित कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम में डॉ. ए.के. द्विवेदी ने "एनिमिया इन प्रेग्नेंसी" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी एनीमिया के सभी प्रकारों के उपचार में प्रभावी है और रक्त की मात्रा बढ़ने से कार्यक्षमता व रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान आयरन व विटामिन की आवश्यकता बढ़ जाती है, जिसकी पूर्ति न होने पर एनीमिया मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। उन्होंने एनीमिया के कारणों, रोकथाम और समय पर उपचार पर जोर देते हुए एनीमिया मुक्त भारत अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से चिकित्सकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा डॉ. द्विवेदी का सम्मान किया गया।

### जबलपुर की ग्रामीण सीमाओं में लागू होगा कॉलोनाइजर एक्ट, अवैध विकास पर लगेगी लगाम

# शहर से सटे पंचायत इलाकों में अनियंत्रित कॉलोनियों पर अब कसा जाएगा शिकंजा

हरिभूमि जबलपुर।

शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में तेजी से फैल रहे अनियंत्रित और अवैध निर्माण पर अब रोक लगने जा रही है। राज्य सरकार के निर्देश पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शहर से लगी पंचायतों में कॉलोनाइजर एक्ट लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस फैसले का सीधा असर जबलपुर से लगी ग्राम पंचायतों—पनागर, भेड़ाघाट, तिलवारा, मझौली, अधारताल सीमा से सटे ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य इलाकों में देखने को मिलेगा, जहां बीते कुछ वर्षों में बिना अनुमति कॉलोनियों का तेजी से विस्तार हुआ है।

### शहर के आसपास बेतरतीब कॉलोनियों का फैलाव

जबलपुर नगर निगम सीमा के बाहर पंचायत क्षेत्रों में जमीन सस्ती होने के कारण कॉलोनाइजरों ने बिना ले-आउट स्वीकृति, सड़क, नाली, पेयजल, सीवरेज और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के ही प्लॉटिंग कर दी है।




कई स्थानों पर खेतों और कृषि भूमि को रातों-रात आवासीय कॉलोनियों में तब्दील कर दिया गया, जिससे न तो पंचायतों के पास विकास की ठोस योजना है और न ही भविष्य में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कोई रोडमैप।

### भविष्य के विकास के लिए अहम कदम

विशेषज्ञों का मानना है कि जबलपुर जैसे तेजी से बढ़ते शहर के आसपास अनियंत्रित विकास से भविष्य में गंभीर समस्याएं खड़ी हो सकती थीं। सड़क चौड़ीकरण, जलापूर्ति, सीवरेज लाइन और परिवहन जैसी योजनाएं अवैध कॉलोनियों के कारण प्रभावित होती रही हैं। कॉलोनाइजर एक्ट लागू होने से शहर के बाहरी इलाकों में सुनियोजित विकास संभव होगा और नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के संकेत

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, कॉलोनाइजर एक्ट लागू होने के बाद जबलपुर के आसपास पहले से विकसित अवैध कॉलोनियों की भी जांच की जाएगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि संबंधित कॉलोनाइजरों पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। कुल मिलाकर, जबलपुर के ग्रामीण-शहरी सीमावर्ती इलाकों में वर्षों से जारी अव्यवस्थित विकास पर सरकार का यह फैसला नियंत्रण और नियोजन की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में शहर का विस्तार अधिक सुव्यवस्थित और सुविधाजनक हो सकेगा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाजार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठोक पिता\पति संदीप ठोक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## हाईकोर्ट ने वापस एलडीसी के पद पर रिवर्ट करने के आदेश दिए

# स्टेट बार काउंसिल सचिव गीता शुक्ला की नियुक्ति अवैधानिक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में कहा कि अधिवक्ता अधिनियम का उल्लंघन करते हुए स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश की सचिव गीता शुक्ला की नियुक्ति की गई है, जोकि अवैधानिक है। हाईकोर्ट ने राज्य अधिवक्ता परिषद के उन दोनों आदेशों को निरस्त कर दिया जिसके तहत गीता शुक्ला को पहले सहायक सचिव और बाद में सचिव पद पर नियुक्त किया गया था। कोर्ट ने गीता को वापस एलडीसी के पद पर रिवर्ट करने के आदेश दिए। कोर्ट ने दो माह के भीतर नियमानुसार योग्य उम्मीदवार की सहायक सचिव व सचिव के पद पर नियुक्ति करने के निर्देश दिए। साथ ही कोर्ट ने कहा कि दो माह के लिए किसी योग्य उम्मीदवार को एड्हॉक सचिव नियुक्त करें।



चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि सचिव का पद एक महत्वपूर्ण पद है और इस पद पर नियुक्ति के लिए योग्यताएं नियमों द्वारा निर्धारित की गई हैं। नियुक्ति से पहले इन्हें पूरा करना अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि स्टेट बार काउंसिल ने गीता शुक्ला को सहायक सचिव के पद पर पदोन्नत किया और फिर उन्हें सचिव के पद पर नियुक्त किया। स्पष्ट रूप से यह कार्रवाई अधिवक्ता अधिनियम, 1961, मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल नियमों के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन है।

दरअसल, स्टेट बार काउंसिल ने 31 जनवरी 2022 को गीता को एलडीसी के पद से सहायक सचिव के पद पर पदोन्नत किया। इसके बाद 9 जुलाई 2024 को उन्हें सचिव बना दिया गया। स्टेट बार के ही कुछ सदस्यों शैलेंद्र वर्मा, अहदुल्ला उसमानी, हितोषी जय हर्डिया, अखंड प्रताप सिंह और नरेन्द्र जैन ने गीता की नियुक्ति को चुनौती दी। दलील दी गई कि गीता को बिना योग्यता आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया, जोकि अवैधानिक है।

### 12वें रैंक पर थी, दे दी नियुक्ति

याचिका में कहा गया कि कर्मचारियों की पदोन्नति बार काउंसिल की आम सभा द्वारा कार्यकारी समिति की सिफारिश पर योग्यता और वरिष्ठता के आधार पर की जाती है। सहायक सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। कई अधिवक्ताओं ने आवेदन किया। गीता ने भी आवेदन किया और बताया कि उन्हें 8 वर्षों का वकालत का अनुभव है। परीक्षा 1 मार्च, 2019 को आयोजित की गई थी। परीक्षा में टॉप करने वाले अभ्यर्थी को 40 अंक मिले थे, जबकि गीता को केवल 5 अंक मिले थे। गीता रैंक 12वां था। परीक्षा के आधार पर नियुक्ति नहीं देकर तत्कालीन स्टेट बार अध्यक्ष ने गीता को सहायक सचिव बना दिया।



# बडेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट में ICDEC-2025 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन उद्घाटित

**जबलपुर।** बडेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जबलपुर में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, IIITDM जबलपुर एवं COM-SYS कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ICDEC-2025 (इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेटा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटिंग) का उद्घाटन 19 दिसंबर 2025 को हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की अध्यक्षता एवं डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा (डीआरडीओ सलाहकार एवं ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व महानिदेशक) के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार (डायरेक्टर, डीटीई), संस्था के चेयरमैन डॉ. सौरभ बडेरिया, जनरल चेयर प्रो. अपराजिता ओझा, प्रोग्राम चेयर प्रो. निवारन दास, जेईसी के प्राचार्य डॉ. राजीव चंडाक, डायरेक्टर डॉ. राजीव खत्री एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर सम्मेलन की ब्रोशर पत्रिका का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने "कॉन्सेप्ट से कॉम्बैट तकः ब्रह्मोस का विकास" विषय पर प्रेरक मुख्य भाषण दिया। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने कहा कि डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत कंप्यूटिंग भारत के डिजिटल और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं तथा ICDEC-2025 जैसे सम्मेलन नवाचार और शोध को नई दिशा देते हैं। सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने डेटा साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, साइबर-फिजिकल सिस्टम्स एवं उन्नत कंप्यूटिंग पर अपने शोध प्रस्तुत किए। अंत में आयोजन अध्यक्ष डॉ. अयन सील द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# व्हीएफजे में एवीएनएल चेयरमैन कप 2025 का समापन



**जबलपुर।** व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में 18 दिसंबर को एवीएनएल चेयरमैन कप 2025 का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवीएनएल के सीएमडी संजय द्विवेदी रहे। इस अवसर पर रश्मि द्विवेदी, चेयरपर्सन महिला कल्याण समिति एवीएनएल तथा सत्यब्रत मुखर्जी, डायरेक्टर (ऑपरेशन एवं एचआर) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य महाप्रबंधक व्हीएफजे प्रवीण कुमार ने स्वागत भाषण दिया। सीएमडी संजय द्विवेदी ने सफल आयोजन के लिए आयोजक टीम को बधाई देते हुए इसे खिलाड़ियों के बीच सद्भाव, भाईचारे और टीम भावना को मजबूत करने वाला मंच बताया। 13 से 18 दिसंबर तक आयोजित प्रतियोगिताओं में एचवीएफ चेन्नई, ईएफ चेन्नई, एमएपीएफ अंबरनाथ, आयुध निर्माणी मेडक सहित विभिन्न इकाइयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। क्रिकेट में मेडक, बास्केटबॉल व शतरंज (टीम) में व्हीएफजे और बैडमिंटन (टीम) में एचवीएफ की टीम विजेता रही। सिंगल्स एवं अन्य खेलों के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह में श्री जानकी रमन बैंड ऑफ वीमेन और कदम संस्था की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समा बांधा। अंत में महाप्रबंधक बी. राजेश कन्ना ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन प्रतिनिधि एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# भंडरा स्कूल के खेल मैदान पर अतिक्रमण, ग्रामीणों का विरोध तेज



**सिहोरा।** जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत भंडरा में पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दबंग द्वारा सरकारी भूमि पर तारबाड़ी लगाकर गेहूं की फसल बोने का आरोप लगाते हुए ग्रामवासियों ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, एसडीएम पुष्पेंद्र अहके व नायब तहसीलदार दीपक पटेल को ज्ञापन सौंपकर तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की है। इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शरद यादव के नेतृत्व में स्कूल के बच्चों, अभिभावकों व ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर तख्तियां लेकर सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ग्रामीणों के अनुसार, विद्यालय में 11वीं–12वीं कक्षाएं शुरू होने के बाद भवन निर्माण, कंप्यूटर लैब, ऑडिटोरियम, हर्बल गार्डन और विभिन्न खेल मैदानों के लिए करीब एक हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है, लेकिन खेल मैदान की सरकारी जमीन पर कब्जे के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अतिक्रमण की शिकायतें पिछले चार माह से प्रशासन को दी जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कार्रवाई न होने पर ग्रामवासियों ने बच्चों सहित सड़क जाम कर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



## अधिवक्ता संघ व आमजन ने सौंपा ज्ञापन

# मझौली को जिला बनाए जाने की मांग

**मझौली।** मझौली तहसील को जिला बनाए जाने तथा वर्षों से लंबित प्रशासनिक व न्यायिक व्यवस्थाओं को शुरू किए जाने की मांग को लेकर मझौली अधिवक्ता संघ एवं आमजन ने अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शासन द्वारा वर्ष 2002 में मझौली को पूर्ण तहसील का दर्जा देने और सिविल न्यायालय स्थापित करने की घोषणा की गई थी। इसके लिए भवन भी बनाया गया, लेकिन 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो अनुविभागीय अधिकारी यहां बैठ रहे हैं और न ही सिविल न्यायालय शुरू हो सका। भवन भी जर्जर होकर गिर चुका है। इसके विपरीत बाद में गठित कई तहसीलों को पूर्ण दर्जा दे दिया गया, जिससे मझौली के साथ उपेक्षा का आरोप लगाया गया।

अधिवक्ता संघ ने बताया कि मझौली जबलपुर जिले की सबसे बड़ी तहसील है, जिसमें 90 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। यहां के किसानों और आमजन को अपने कार्यों के लिए सिहोरा या जबलपुर जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। अनुविभागीय अधिकारी और सिविल न्यायालय की स्थापना से क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि पोड़ा, कटंगी, मझौली और पाटन तहसीलों का मुख्यालय मझौली होने के कारण इसे जिला घोषित किया जाए। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एन.डी. भट्ट सहित सुनील नामदेव, सुनील गर्ग, अरविंद कोस्टा, रोहित पटेल तथा बड़ी संख्या में अधिवक्ता व नगरवासी उपस्थित रहे।

# देवरी स्टेशन के पास रेलवे अंडर ब्रिज में घटिया निर्माण!
## 25 हजार ग्रामीणों की जान खतरे में

**पनागर।** देवरी रेलवे स्टेशन के पास इमलई रोड पर बने रेलवे अंडर ब्रिज में गंभीर निर्माण लापरवाही सामने आई है। हाल ही में सामने आई तस्वीरों में अंडर ब्रिज के भीतर सड़क की हालत बेहद खराब, उबड़-खाबड़ और कंकड़-पत्थरों से भरी नजर आ रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर



सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान लगभग दो माह तक मार्ग पूरी तरह बंद रहा, जिससे इमलई, मोहारी, लोहियापुल, टगर, पड़री, चरखी, सुरमावाह, पोनिया, नरगवां और ककरहाई सहित आसपास के करीब 25 हजार ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। अब निर्माण के मात्र तीन माह बाद ही सड़क की परत उखड़ने लगी है। अंडर ब्रिज के भीतर गड्ढे, टूटी सड़क और असमान सतह के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। बारिश में जलभराव और फिसलन से स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से अंडर ब्रिज निर्माण की तकनीकी व गुणवत्ता जांच कराने, दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा सड़क का निर्माण दोबारा रेलवे मानकों के अनुसार कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई न हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# जल संरक्षण की थीम पर आयोजित की रंगोली प्रतियोगिता



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांत अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वाटरशेड महोत्सव अभियान के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला इंद्रा में जल संरक्षण थीम पर दिनांक 19/12/2005 को शिक्षकों के सहयोग से छात्र-छात्राओं के मध्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के विषय एवं जल संरक्षण के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ग्राम के सरपंच चंद्र कुमार यादव एवं संस्था के शिक्षक दिनेश गोंड, सविता खरे, रीता पटेल, रोशनी दुबे, प्रियंका सिंह और अनिता यादव की उपस्थिति में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

**श्री रमेशचंद जैन** - दीक्षितपुरा गणेश मंदिर के पीछे निवासी गोलू जैन, पिल्लू जैन के पिता श्री रमेशचंद जैन (गंज वाले) का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज 20 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे निज निवास गणेश मंदिर के पीछे से रानीताल मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

**श्रीमती अनीता कोहली**- एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री रजनीश कोहली की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कोहली (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती देवी बेन**- जीआरपी ग्राउंड के सामने श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री एचएल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती देवी बेन (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामकुमारी यादव**- गौरीघाट ललपुर रोड स्थित नेशनल पोल्ट्री फार्म निवासी श्री मुन्नी लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती रामकुमारी यादव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामजी पटेल**- लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री रामजी पटेल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रेम कुमार रैकवार**- बिलपुरा मड़ई निवासी श्री प्रेम कुमार रैकवार (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंदू लाल रैदास**- भानतलैया घमापुर चौक रोड निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद रैदास के




पुत्र श्री चंदू लाल रैदास (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश चंद्र खंडेलवाल**- बेदी नगर मेडिकल रोड निवासी श्री सुरेश चंद्र खंडेलवाल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजीत कुमार नेवले**- न्यू शोभापुर कॉलोनी व्हीकल रोड निवासी श्री अजीत कुमार नेवले (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रभा पटेल**- मढ़ाताल पूर्व विनीत टाकीज के बाजू में निवासी श्री विजय पटेल की धर्मपत्नी रीमती प्रभा पटेल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश कुमार धुर्वे**- वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राकेश कुमार धुर्वे (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमित्रा गोंटिया**- पुराना धोबीघाट कजरवारा निवासी श्री परदेसी गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा गोंटिया (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला देवी श्रीवास**- गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री कृष्ण श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी श्रीवास (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दयाराम रघुवंशी**- साकार नगर तिलहरी निवासी श्री दयाराम रघुवंशी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुंदन लाल यादव**- उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री कुंदन लाल यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरोज खरे**- भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी श्री उर्मिलेश खरे की धर्मपत्नी श्रमीती सरोज खरे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दालचंद साहू**- हनुमानताल थाने के पीछे निवासी श्री दालचंद साहू (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चित्रा पुरी गोस्वामी**- गौरीघाट निवासी श्री लक्ष्मी पुरी गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती चित्रा पुरी गोस्वामी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल यादव**- ललपुर रोड गौरीघाट निवासी श्री मुन्ना लाल यादव (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## सराफा एसोसिएशन ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की

# मेन रोड कमानिया के पास पुलिस चौकी बनाए और व्यापारियों को दें बंदूक लाइसेंस

**जबलपुर।** पनागर के सराफा व्यापारी सुनील सराफ और उनके पुत्र संभव सराफ के साथ हुई लूट की घटना को लेकर सराफा एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। घटना 16 दिसंबर, मंगलवार रात लगभग 8 बजे पनागर सराफा में हुई। जानकारी के अनुसार, सुनील सराफ और उनके पुत्र संभव सराफा सोने-चांदी का सामान चार थैलों में घर ले जा रहे थे, तभी नकाबपोश लुटेरों ने सुनील सराफ पर कट्टे से फायर किया और संभव सराफ पर चाकू से हमला कर घायल किया। इस दौरान लगभग 900 ग्राम सोना और 18 किलो चांदी लूटकर अपराधी फरार हो गए। सराफा व्यापारियों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। व्यापारियों ने प्रशासन से मेन रोड कमानिया के पास पुलिस चौकी बनाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा एसोसिएशन ने व्यापारी सुरक्षा के लिए तत्काल बंदूक लाइसेंस जारी करने की भी अपील की। ज्ञापन सौंपने वालों में अजय बख्तावर, राजा सराफ, अमित अग्रवाल, ओम सोनी, नवीन सराफ, बालकृष्ण सराफ सहित अन्य शामिल थे।



# ग्रामीण क्षेत्रों में श्मशानघाट की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** पाटन एवं पनागर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र में श्मशानघाट न होने की मांग को लेकर जिला पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ग्रामीण क्षेत्र में श्मशानघाटों का निर्माण करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते समय बसपा नेता राकेश समुदे, शिव प्रकाश, शिबू, मांगे सरदार, अनिल चौधरी, संजय चौधरी, रामदास अहिरवार आदि नेताओं ने ज्ञापन सौंपकर शीघ्र से शीघ्र ग्रामीण क्षेत्र के श्मशान घाटों का निर्माण करने की मांग की।

### नाम सुधार सूचना

मैं हरप्रीत सिंह उम्र 41 वर्ष पिता श्री सतपाल सिंह निवासी 1127/2डी, प्रेम नगर, मदन महल, मदनमहल वार्ड जबलपुर आधार क्रं. 5331 9682 8413 शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि मेरी पुत्री के आधारकार्ड में पुत्री नाम KAWALPREET KAUR RAJPAL लिखा है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पुरा नाम KAWALPREET KAUR RAJPAL लिखा है। मेरे पुत्री का पासपोर्ट बना है जिसका क्रं. R4267455 है इसमें मेरी पुत्री नाम KAWALPREET KAUR लिखा है। KAWALPREET KAUR एवं KAWALPREET KAUR RAJPAL दोनो ही नाम मेरी पुत्री के नाम है याने एक ही महिला के नाम है जो सही व सत्य है। अतः मैं अपनी पुत्री के पासपोर्ट मे पुत्री का पूरा नाम KAWALPREET KAUR RAJPAL दर्ज कराना चाहता हूँ। उपरोक्त तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार पूर्णतः सही और सत्य है।

BV 254051

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 2 कछपुरा, नगर निगम, जबलपुर
क्रं./स.अ./02/कछपुरा 2025/M/Q-360
दिनांक:- 19/12/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री शिवा प्यासी (2) शिवम प्यासी दोनों के पिता स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार प्यासी ने मकान नं. 1945 वार्ड रानी दुर्गावती भूतल 346 वर्गफुट शपथ पत्र, के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-02 कछपुरा में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम, जबलपुर

## चिंतन

# अराजकता और धर्मांधता की आग में झुलस रहा बांग्लादेश

बांग्लादेश पिछले करीब डेढ़ साल से अराजकता और धर्मांधता की आग में गंभीर रूप से झुलस रहा है। इन दिनों में शायद ही कोई ऐसा महीना होगा, जब यहां हिंसा ना भड़की हो। शेख हसीना की सरकार गिराने के बाद देश में शांति लाने का वादा करने वाली मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंसा रोकने में नाकाम रही। हसीना सरकार के विरोध में हिंसक आंदोलन चलाने वाले छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में एक बार फिर आग भड़क गई। इस दौरान ढाका के पास भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। युवक के शव को नग्न करके पेड़ से लटका कर आग लगा दी गई। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई है। उपद्रवियों ने देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में भी घुसकर तोड़फोड़ और आग लगा दी। भारतीय राजनयिक परिसरों और उनके घरों पर हमले किए गए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में तोड़फोड़ की गई। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। भारत के पड़ोस में धधकती यह अराजकता की आग लगाातर चुनौती बढ़ा रही है। देशभर में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। यहां इस समय एक अलग ही किस्म का पागलपन भी चल रहा है। इस पागलपन के तहत बांग्लादेश में एक वीडियो वायरल है, जिसमें 'सिराजुद्दौला साम्राज्य' की फिर से स्थापना का ख्वाब दिखाया जा रहा है, जिसमें भारत के कई हिस्से शामिल हैं। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश वास्तव में सांप्रदायिक संक्रमण की ओर बढ़ रहा है या फिर सुनियोजित अस्थिरता के जाल में फंसता जा रहा है। दरअसल, मोहम्मद यूनुस असल में मोहम्मद अली जिन्ना की विचारधारा पर चल रहे हैं और उन्होंने बांग्लादेश में पाकिस्तान मॉडल लागू कर दिया। यह भारत के लिए भी चिंतनीय है। बांग्लादेश को लेकर भारत के सामने 1971 के बाद सबसे बड़ा रणनीतिक और राजनयिक संकट खड़ा हुआ है। यह चिंता विदेश मामलों पर संसद की समिति ने अपनी रिपोर्ट में जाहिर की है। कई मायनों में देखा जाए तो अभी बांग्लादेश में जिस तरह के हालात बन चुके हैं, उतनी बुरी स्थिति का सामना भारत को शायद बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के दौरान भी नहीं करना पड़ा था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाली समिति की रिपोर्ट से निकली बातों के विश्लेषण से पता चलता है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा की वजह से भारत के सामने कई बड़े और गंभीर संकट खड़े हुए हैं, जिनसे निपटना बहुत बड़ी चुनौती होगी। भारत की चिंता यह भी है कि बांग्लादेश चीन की रीजनल कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) में शामिल हो सकता है। चीन ने 370 मिलियन डॉलर का इस्तेमाल करके इसके मोंगला बंदरगाह का विस्तार किया है। इसके चलते भारत ने अपनी सुरक्षा के लिए खुलना-मोंगला रेलवे लाइन में निवेश किया है। बहरहाल, बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे भारत को सिर्फ कूटनीतिक संकट का ही सामना नहीं करना पड़ रहा है, इसकी वजह से भारत की आतंरिक सुरक्षा का संकट भी गहरा गया है। बांग्लादेश की यूनुस सरकार भारत-विरोधी ताकतों, खासकर पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बन गई है। वहां पाकिस्तानी सेना के माध्यम से आईएसआई की गतिविधियां बढ़ गई हैं। ऐसे समय में भारत को बड़ी सजगता के साथ काम करना होगा।



संसद सत्र

डॉ. पवन कुमार शर्मा

# 'जी राम जी' पर जीत, प्रदूषण पर चर्चा नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। विपक्ष दिल्ली–एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी–राम–जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया।

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। 1 से 19 दिसंबर तक आयोजित शीतकालीन सत्र में देश की आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई और राष्ट्रीय महत्व के अनेक विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। सत्र की कार्यवाही अपेक्षाकृत सुचारू रही और समय का प्रभावी उपयोग किया गया जिसकी वजह से इसकी उत्पादकता उल्लेखनीय रही। शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के अनुसार लोकसभा की कार्यवाही 92 घंटे 25 मिनट तक चली। 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और कुल 8 सरकारी विधेयक पारित हुए। प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रियों ने सदस्यों द्वारा पूछे गए 72 तारांकित प्रश्नों का मौखिक जवाब दिया।

लोक सभा में शून्य काल के दौरान 408 संसद सदस्यों ने लोक महत्व के मुद्दे उठाए। नियम 377 के अधीन संसद सदस्यों ने 372 मामले उठाए। शीत सत्र के दौरान संसद के पटल पर कुल 2116 पत्र रखे गए। विभिन्न विभागों से संबंधित स्थायी संसदीय समितियों ने कुल 40 रिपोर्ट्स पेश कीं। शीत सत्र के दौरान सांसदों की तरफ से कुल 137 प्राइवेट मेंबर्स बिल इंट्रोड्यूस किए गए। 8 दिसंबर 2025 को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोक सभा में प्रधानमंत्री ने चर्चा की शुरुआत की। वंदे मातरम् पर 11 घंटे 32 मिनट तक चली चर्चा में कुल 65 सांसदों ने अपनी बात रखी। इसके बाद 9-10 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और चुनाव सुधारों पर कुल 13 घंटे चर्चा हुई और इसमें पक्ष-विपक्ष के 63 सांसदों ने हिस्सा लिया। सत्र के दौरान हंगामा, बहस और विधायी कार्य सब कुछ हुआ। शीतकालीन सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि 'विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी बिल, 2025 (जी राम जी बिल) का संसद के दोनों सदनों से पारित होना रहा। शीत सत्र के दौरान यही विधेयक सबसे अधिक हंगामे का कारण बना। लोक सभा में 17-18 दिसंबर को विपक्ष के विरोध के बीच ये बिल दोनों सदनों से पास हो गया। इसे पुराने मनरेगा की जगह नया ग्रामीण रोजगार कानून बनाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष 125 दिनों की मजदूरी की गारंटी है। संसद के दोनों सदनों में देर रात चली घंटों की लंबी चर्चा के बावजूद यह विधेयक सरकार बनाम विपक्ष की जंग का कारण बना। सरकार जहां इसे 'विकसित भारत' की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम बता रही है, वहीं विपक्ष ने इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान बताया। सरकार के मुताबिक यह विधेयक मनरेगा का अपग्रेडेशन है और 125 दिन रोजगार की गारंटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था चमकेगी। दूसरी तरफ विपक्ष का कहना है कि यह बिल मनरेगा को कमजोर करेगा। लिहाजा इसे स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाना चाहिए। हालांकि विपक्ष की यह मांग ध्वनिमत के आगे धराशायी हो गई।



न्यूक्लियर एनर्जी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिल भी विंटर सेशन में पारित हुआ है। सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल दोनों सदनों से पास हो गया है। यह विधेयक भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और अन्य ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में बड़ा कदम है। इसे क्लीन-एनर्जी भविष्य के साथ ही 2070 तक नेट जीरो इमिशन और 2047 तक देश की न्यूक्लियर ऊर्जा क्षमता को 100 गीगावॉट तक बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस दौरान टैक्स और जीएसटी से जुड़े बिल भी पास हुए। इनमें सिगरेट, तंबाकू, पान मसाला जैसे 'सिन गुड्स' पर लगने वाले सेस को जीएसटी कंपनसेशन के रूप में इस्तेमाल करने वाले दो फाइनेंस बिल शामिल हैं। मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) बिल 2025 पास हुआ जो राज्य स्तर पर जीएसटी कानून को राष्ट्रीय ढांचे से जोड़ता है। मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण, चुनाव सुधार एवं राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण जैसे मुद्दों ने भी पूरे सत्र के दौरान सुर्खियां बटोरीं। जुलाई-अगस्त 2025 में, संसद का मॉनसून सत्र स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और इलेक्टोरल रोल्स विवाद के चलते हंगामे की भेंट चढ़ गया था। शीत सत्र के दौरान भी विपक्ष ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल ऑफिसर्स पर रोल रिवीजन के नाम पर दबाव डाला जा रहा है जिसके चलते वे सुसाइड कर रहे हैं।

दोनों सदनों में नारे, वॉकआउट और स्थगन हुए। शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर दोनों सदनों में घंटों चर्चा के बावजूद यह मुद्दा खत्म नहीं हुआ है। विपक्ष दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी-राम-जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया। हंगामे की वजह से इस पर समुचित चर्चा नहीं हो सकी। लोकसभा में यह चर्चा नियम 193 के तहत होनी थी। इस नियम के तहत बिना मतदान की शॉर्ट डिस्कशन का प्रावधान है। हालांकि वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या को लेकर विपक्ष की तरफ से संसद परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। कुछ सांसदों ने मास्क पहनकर और ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। संसद के उच्च सदन राज्यसभा में भी उत्पादकता के हिसाब से अच्छा कामकाज हुआ। राज्यसभा का यह 269वां सत्र था। राज्यसभा में कुल 92 घंटे संसदीय कार्यवाही चली और प्रोडक्टिविटी 121 फीसदी रही।


अपने समापन संबोधन में सी. पी. राधाकृष्णन ने सदन को बताया कि इस सत्र में कई उल्लेखनीय काम हुए, जिनमें प्रतिदिन औसतन 84 से अधिक शून्यकाल नोटिसों का अभूतपूर्व आंकड़ा शामिल है जो कि पिछले दो सत्रों की तुलना में 30.1 प्रतिशत ज्यादा है। शून्यकाल के दौरान प्रतिदिन 15 से अधिक मामले उठाए गए, जो लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में सरकार का दबदबा स्पष्ट दिखा लेकिन विपक्ष ने भी अपनी आवाज मजबूती से बुलंद की। समग्र रूप से संसद का शीतकालीन सत्र 2025 एक सफल, उत्पादक और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला सत्र सिद्ध हुआ है। संसद सदस्यों ने जहां अपनी विधायी और संवैधानिक जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन किया, वहीं प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित की गई। कुल मिलाकर यह सत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सक्रियता और मजबूती का सशक्त प्रमाण है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

बेटे की शादी

रवि शंकर



# डॉ. मोहन यादव ने पेश की सादगी की मिसाल


मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे पुत्र डॉ. अभिमन्यु यादव का डॉक्टर इशिता के साथ हाल ही में उज्जैन में संपन्न हुआ विवाह इस प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में सामाजिक समरसता, सादगी और सद्भाव की मिसाल बना है। एक सही और प्रजा पालक शासक के रूप में उन्होंने अपने पुत्र का विवाह उज्जैन में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में करने का निर्णय लेकर आम जनता को यह संदेश दिया कि बेशक मैं मुख्यमंत्री जरूर हूं लेकिन हूं मैं आप जैसा आम इंसान, जो अपनों के बीच इस खुशी को बांटकर, आम इंसानों के बीच आम इंसान ही बना रहना चाहता है।

यह भारतीय संस्कृति में विवाह के संस्कार पक्ष को उसके स्टेटस सिंबल पक्ष पर वरीयता देने का स्पष्ट संकेत है। यह पहल उन लाखों मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए एक सशक्त उदाहरण पेश करती है, जो सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखने की होड़ में अनावश्यक कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। इस समारोह का केंद्रीय और सबसे गहरा संदेश सामाजिक समरसता में निहित है। यह व्यवस्था सामाजिक समानता का एक जीवंत प्रदर्शन है। जब राज्य के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति का पुत्र सामान्य पृष्ठभूमि के अन्य जोड़ों के साथ एक ही मंच साझा करता है तो यह प्रतीकात्मक रूप से सामाजिक दर्जे की दीवारों को ध्वस्त करता है। यह स्पष्ट करता है कि विवाह जैसे पवित्र बंधन में सभी जोड़े समान हैं, चाहे उनकी आर्थिक या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

अब यह मॉडल केवल गरीबों या सरकारी योजनाओं तक सीमित न रहकर, समाज के सभी वर्गों के लिए एक प्रतिष्ठित और समावेशी विकल्प के रूप में उभर सकता है। खास बात यह है कि अब सहजता, सादगी और आडंबर से दूर इससे बड़ी मिसाल और क्या होगी? यह इस बात को भी दर्शाता है कि मोहन राज में आम आदमी और मोहन यादव के परिवार में कोई फर्क नहीं है क्योंकि सत्ता शिखर पर बैठे व्यक्ति का पुत्र और सामान्य तथा दलित का पुत्र एक ही मंडप के नीचे परिणय सूत्र में बंध रहे हैं। सामाजिक समरसता शायद यही है और सामाजिक समरसता ऐसी होनी और रहनी भी चाहिए। डॉ. यादव का यह प्रयास निश्चित रूप से उन तमाम लाखों परिवारों के लिए एक संदेश है जो महंगी शादी के कारण न केवल कर्ज के बोझ से दब जाते हैं बल्कि अपनी जीवन भर की बचत को भी इसमें लगा बैठते हैं। उनका यह आयोजन यह भी स्पष्ट करता है कि विवाह केवल पैसे का दिखावा और फिजूलखर्ची नहीं है बल्कि एक संस्कार युक्त वह आयोजन है जिसका हमारे सनातन में धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है और यही शायद सबसे महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने नवाचारों के साथ सादगीपूर्ण और आडंबर रहित जीवन जीने के लिए जाने जाते हैं। वे उन विरले नेताओं में से हैं जिनका परिवार कभी भी शासकीय आवास में स्थायी रूप से नहीं रहा। वे अपने परिवार को राजनीति से दूर रखते हैं और हमेशा आम जीवनशैली अपनाने पर ज़ोर देते हैं। उनका मानना है कि नेता की पहचान उसके आचरण और सादगी से होती है, न कि उसके पद से। हालांकि, सीएम डॉ. यादव के परिवार में ये कोई नई बात नहीं है। पिछले साल उनके बड़े बेटे वैभव की शादी राजस्थान में हुई थी। वो भी बेहद साधारण तरीके से। न कोई डीजे, न बारात का लंबा काफिला। बस, परिवार और करीबी लोग। सवाल अहम यह है कि जिस तरह से डॉ. मोहन यादव ने बेहद सादगी, सामाजिक समरसता और सद्भाव के साथ अपने बेटे का विवाह संपन्न कराया है क्या इससे अन्य जनप्रतिनिधि, मंत्री प्रशासनिक अधिकारी प्रेरणा लेंगे? दरअसल, भारतीय राजनीति में नेताओं की शादियां हमेशा सुर्खियों में रही हैं। अतीत में, कई राजनेताओं ने अपने बच्चों की शादियों को सादगी से संपन्न कराकर मिसाल पेश की है। हालांकि, हाल के वर्षों में, सत्ता और धन के प्रदर्शन की प्रवृत्ति बढ़ी है, जिसने अक्सर वीआईपी कल्चर को बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री की पहल इस प्रदर्शनवादी प्रवृत्ति के खिलाफ एक सुधारात्मक कदम के रूप में देखी जा सकती है। यह पहल राजनीति और आम जनता के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करती है। यह केवल एक राजनीतिक संदेश नहीं है, बल्कि एक प्रशासनिक संदेश भी है कि सरकारें जिस सामूहिक विवाह योजनाओं को बढ़ावा देती हैं (जैसे मध्य प्रदेश में 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना'), उन्हें उच्च नेतृत्व द्वारा भी स्वीकारा जाता है।

## भजन ही शरीर का प्राण है




संकलित

दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है।

## एक दिन का पुण्य ही क्यों



संकलित

प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## सटाका




## आज की पाती

**सोने की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित किया जाए**

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़या थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आतताइयों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच भी नहीं सकता, पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। **–संकेत अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड

**महत्वपूर्ण बदलाव**



भारत के रूपांतरण हेतु सतत परमाणु ऊर्जा दोहन एवं विकास (शांति) विधेयक, 2025 का संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित होना भारत की प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा संबंधी महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।
**-नीतिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

**फ्लाईओवर का लोकार्पण**



जब विकास की सोच वाली डबल इंजन की सरकार आती है तो विकास भी उतनी ही तीव्र गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देता है। आज गोरखपुर में अत्याधुनिक रेलवे फ्लाईओवर का लोकार्पण किया।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

**विरासत का संरक्षण**



असम के लिए महाराजा कुमार भास्कर वर्मा का योगदान अतुलनीय है। संस्थानों, बुनियादी ढाँचे और प्रतिमाओं के माध्यम से उन्हें सम्मानित करके, हम अपनी विरासत को संरक्षित कर रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ियाँ गौरव, प्रेरणा और एक सशक्त पहचान की भावना प्राप्त कर सकें।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

**भारत की असली ताक़त**



दरगाह हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (रह.) अजमेर शरीफ़ की तालीम "मोहब्बत सबके लिए, नफ़रत किसी से नहीं", आज के दौर में और भी ज़्यादा प्रासंगिक है। भाईचारा, लोकतंत्र और संविधान की हिफ़ाज़त ही भारत की असली ताक़त है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# भारत पर पाक का सिंधु जल संधि कमजोर करने का आरोप



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार ने शुक्रवार को कहा कि भारत सिंधु जल संधि को लगातार कमजोर कर रहा है और इस तरह का उल्लंघन समझौते के मूल सिद्धांतों पर प्रहार है।
डार पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं। वह पाकिस्तान द्वारा चिनाब नदी के प्रवाह में बदलाव के संबंध में भारत से स्पष्टीकरण मांगे जाने के एक दिन बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, "हमने इस वर्ष अप्रैल में भारत की ओर से सिंधु जल संधि से एकतरफा रूप से हटने की कार्रवाई देखी... लेकिन अब हम भारत द्वारा किए जा रहे ऐसे गंभीर उल्लंघन देख रहे हैं, जो सिंधु जल संधि के मूल सिद्धांतों पर प्रहार करते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता एवं अंतरराष्ट्रीय कानून की पवित्रता दोनों के लिए गंभीर परिणाम वाले हैं।" इस साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपाय किए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को ''स्थगित'' करना भी शामिल था। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करती रही है।

## ऑफ बीट

# भांग की सूक्ष्म खुराक से अल्जाइमर रोकने में मदद



विश्व भर में जैसे-जैसे बुजुर्ग आबादी रही है, उसके साथ ही अल्ज़ाइमर रोग जैसी मनोभ्रंश (डिमेंशिया) समस्याओं से पीड़ित लोगों की तादात भी बढ़ रही है। इस समस्या के लिए सीमित उपचार और उपलब्ध दवाओं की सीमित प्रभावशीलता को देखते हुए, नए उपचारात्मक तरीकों में रुचि बढ़ रही है। इन तरीकों में भांग (कैनाबिस) के पौधे से प्राप्त कैनाबिनॉयड्स भी शामिल हैं। कैनाबिनॉयड्स का मतलब है भांग (कैनाबिस) के पौधे में पाए जाने वाले या कृत्रिम रूप से बनाए गए ऐसे रासायनिक यौगिक, जो शरीर के एंडोकैनाबिनॉयड तंत्र पर असर डालते हैं। अंतरराष्ट्रीय जर्नल ऑफ़ अल्ज़ाइमर्स डिज़ीज़ में प्रकाशित ब्राजील के एक नए छोटे अध्ययन में हल्के अल्ज़ाइमर रोग से पीड़ित मरीजों पर भांग के सत की सूक्ष्म खुराकों के प्रभावों की जांच की गई। परिणामों में भांग से जुड़ा "नशा" पैदा किए बिना सकारात्मक प्रभाव पाए गए। इसमें भांग के सत से तैयार एक तेल के दैनिक उपयोग के प्रभावों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें टीएचसी और सीबीडी समान अनुपात में तथा अत्यंत कम सांद्रता में (प्रत्येक कैनाबिनॉयड 0.3 मिलीग्राम) मौजूद थे। ये उप-मन:प्रभावी खुराक पौधे के मौज-मस्ती के लिए किए जाने वाले उपयोग से जुड़े "नशे" का कारण नहीं बनतीं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बिल गेट्स, गूगल बनाने वाले ब्रिन, वुडी एलन की तस्वीर आईं सामने

## अमेरिका के एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में 68 अप्रकाशित फोटो जारी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के कुख्यात एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़े मामले में 68 नई तस्वीरें गुरुवार देर रात सामने आई हैं। इन तस्वीरों को गुरुवार देर रात अमेरिकी संसद की हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेट सांसदों ने रिलीज किया। इसमें अरबपति बिल गेट्स, गूगल बनाने वाले सर्गेई ब्रिन, फिल्ममेकर वुडी एलन, फिलॉस्फर नोम चॉम्स्की और ट्रम्प के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन जैसी 5 बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं।

यह रिलीज जस्टिस डिपार्टमेंट की एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज जारी करने की डेडलाइन से एक दिन पहले आई है। पहले जारी बैचों में डोनाल्ड ट्रंप, बिल क्लिंटन, वुडी एलन, लैरी समर्स और प्रिंस एंड्र्यू जैसे नाम सामने आए थे। एपस्टीन फाइलों में दुनिया के प्रमुख बिजनेसमैन और नेताओं के नाम दर्ज हैं। फाइलों में हजारों पेज के दस्तावेज, 95 हजार तस्वीरें और बैंक रिकॉर्ड्स शामिल हैं।

**दुनिया की नामी हस्तियां खुलासे को लेकर सहमीं**

**दुनिया के प्रमुख बिजनेसमैन और नेताओं के नाम हैं इन फाइलों में दर्ज**







### अमेरिकिन कमेटी ने किया इन्हें जारी

*अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमिटी के डेमोक्रेटिक सदस्यों ने सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन की एस्टेट से प्राप्त नई तस्वीरें जारी की हैं। ये तस्वीरें बिना तारीख और संदर्भ के हैं, जिनमें कुल 68 फोटो शामिल हैं। बता दें, एपस्टीन के साथ तस्वीर होना किसी गलत काम का सबूत नहीं है। एपस्टीन 2019 में जेल में आत्महत्या कर चुके हैं और उनके मामले में कई जांचें चल रही हैं। कमिटी को एपस्टीन की एस्टेट से 95,000 से अधिक तस्वीरें प्राप्त हुई हैं। जारी की गई इन तस्वीरों में अन्य प्रमुख नामों में फिल्मकार वुडी एलन, जादूगर डेविड ब्लेन, गूगल के पूर्व सीईओ सलार कमंगर और कॉलमनिस्ट डेविड ब्रूक्स शामिल हैं। एक तस्वीर में एपस्टीन स्टीव बैनन से बात करते दिख रहे हैं।*

### परेशान करने वाली सामग्री

इन तस्वीरों के अलावा, कुछ अन्य परेशान करने वाली सामग्री भी जारी की गई है, जैसे महिलाओं के चेहरे ब्लर किए गए फोटो, विदेशी पासपोर्ट (रूस और चेक गणराज्य के), एपस्टीन का अमेरिकी पासपोर्ट, और कुछ मैसेज के स्क्रीनशॉट। एक मैसेज में रूस से लड़कियों को स्काउट करने और 1000 डॉलर प्रति लड़की की बात की गई है, जिसमें 'जे' के लिए उपयुक्त होने का जिक्र है। एक फोटो में किसी के पैर पर व्लादिमीर नाबोकोव की किताब 'लोलिता' का कोट लिखा हुआ है, साथ ही एक दवा की बोतल भी दिखाई दे रही है।

### एपस्टीन का भारत कनेक्शन

जेफरी एपस्टीन, एक दोषसिद्ध सेक्स अपराधी और ट्रैफिकिंग के आरोपी, की फाइलों और ईमेलों से भारत से जुड़े कुछ कनेक्शन सामने आए हैं। ये मुख्य रूप से 2014 से 2019 के बीच के हैं, और हाल ही में (नवंबर 2025) अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमिटी द्वारा जारी दस्तावेजों से पता चले हैं। ध्यान दें कि ये कनेक्शन किसी गलत काम का सीधा सबूत नहीं हैं, लेकिन इनसे सवाल जरूर उठते हैं।

### यह है एपस्टीन केस

इस मामले की शुरुआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को 'मसाज' के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया। जब उसने घर लौटकर यह बात अपने माता-पिता को बताई, तो उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत की। तब पहली बार जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज हुई। पुलिस जांच के दौरान यह सामने आया कि यह अकेला मामला नहीं है। धीरे-धीरे करीब 50 नाबालिग लड़कियों की पहचान हुई, जिन्होंने एपस्टीन पर ऐसे ही आरोप लगाए।

---

**खबर संक्षेप**

### महुआ के खिलाफ चार्जशीट रद्द, सीबीआई को झटका



**नई दिल्ली।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई फिलहाल टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं करेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को लोकपाल की ओर से चार्जशीट फाइल करने की मंजूरी को रद्द कर दिया है। यह मंजूरी 12 नवंबर को दी गई थी। जस्टिस अनिल क्षतरपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने कहा- 'हमारा मानना है कि लोकपाल ने इस मामले में गलती की है।'

### पंजाब : पूर्व मंत्री की जमानत याचिका पर सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल के नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। मजीठिया की याचिका में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने बिक्रम सिंह मजीठिया को कथित आय से ज्यादा संपत्ति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया था। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी विशेष अनुमति याचिका (SLP) पर नोटिस जारी किया।

### संभल गैंगरेप : महिला को जिंदा जलाने 4 को उम्रकैद



**लखनऊ।** यूपी के संभल जिले के थाना राजपुरा क्षेत्र स्थित पाठकपुर गांव में साल 2018 में एक महिला के साथ गैंगरेप कर उसे जिंदा जलाने के मामले में न्याय हुआ है। अपर सत्र पोक्सो कोर्ट के जज अवधेश कुमार सिंह ने चार दोषियों- आराम सिंह, महावीर, गुल्लू और भोना को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने इन सभी दोषियों पर कुल 1 लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले का पांचवा दोषी चरन सिंह नाबालिग है। इन्होंने वारदात के बाद पीड़िता को आग के हवाले कर दिया था, जिसने मरने से पहले परिजनों को फोन कर पूरी घटना बताई थी।

### सिंगर जुबिन केस में 12000 पन्नों की चार्जशीट

**गुवाहटी।** असम की आवाज कहे जाने वाले मशहूर सिंगर जुबिन गर्ग की मौत हादसा नहीं बल्कि कत्ल था। 19 सितंबर को सिंगापुर में जुबिन गर्ग की मौत डूबने से नहीं हुई थी। बल्कि साजिशन उन्हें मारा गया था। इस बात का खुलासा असम पुलिस की तरफ से कोर्ट में दाखिल की गई चार्जशीट में किया गया है। उस चार्जशीट में कुल 5 लोगों के नाम दर्ज हैं। जिनमें से 4 पर सीधे सीधे जुबिन की हत्या करने का इल्जाम है। जबकि एक पर गैर इरादतन हत्या की धारा लगाई गई है। इस चार्जशीट के दाखिल होने से पहले ही खुद असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा ने एक नहीं बल्कि कई बार ये दोहराया था कि जुबिन गर्ग की मौत हादसा नहीं बल्कि हत्या है।

---

संसद के शीतकालीन सत्र का हुआ समापन

# पारित हुए 8 विधेयक, एक जेपीसी को भेजा गया, 19 दिन के सत्र के दौरान हुईं 15 बैठकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया था। शुक्रवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का ऐलान कर दिया। 19 दिन चले इस सत्र के दौरान 15 बैठकें हुईं। इस दौरान कुछ अहम विधेयक चर्चा और विचार के बाद पारित भी किए गए, जिनमें 20 साल पुरानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) की जगह लाया गया वीबी-जी राम जी बिल भी शामिल है।

सरकार इसी सत्र के दौरान प्राइवेट सेक्टर के लिए नागरिक परमाणु सेक्टर खोलने से संबंधित विधेयक भी लेकर आई। शीतकालीन सत्र के दौरान कुल मिलाकर लोकसभा की बैठक 92 घंटे 25 मिनट हुई। स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने का ऐलान करने से पहले कामकाज का लेखा जोखा सदन पटल पर रखा. उन्होंने बताया कि इस सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही।

### वंदे मातरम पर 11 घंटे 32 मिनट चर्चा

स्पीकर ओम बिरला ने शीतकालीन सत्र के दौरान हुए कामकाज का लेखा-जोखा रखा। लोकसभा में इस सत्र के दौरान वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर और चुनाव सुधार, राजनीतिक रूप से संवेदनशील दो विषयों पर चर्चा भी हुई। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर हुई चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। वंदे मातरम् पर लोकसभा में 11 घंटे 32 मिनट तक चर्चा हुई, जिसमें 65 सदस्यों ने भाग लिया। इसके अलावा एक चर्चा चुनाव सुधार के मुद्दे पर भी हुई। विपक्षी दल 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की डिमांड कर रहे थे।

**सत्र के दौरान कुल 92 घंटे 25 मिनट हुई लोकसभा की बैठक**



**स्पीकर बिरला ने रखा कामकाज का लेखा-जोखा**



### लोकसभा से पारित हुए आठ विधेयक

*शीतकालीन सत्र के दौरान कुल आठ विधेयक पारित हुए। इनमें जी राम बिल भी शामिल है। गुरुवार को विपक्ष के भारी विरोध और कागज फाड़े जाने की घटना के बीच लोकसभा से पारित किया गया था। कड़े नियंत्रण वाले सार्वजनिक परमाणु क्षेत्र को प्राइवेट सेक्टर के लिए खोलने से जुड़ा बिल शांति भी पारित हुआ। लोकसभा ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाला विधेयक भी पारित किया। 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' को लोकसभा से पारित होने के एक दिन बाद राज्यसभा ने भी ध्वनिमत से पारित कर दिया था। लोकसभा ने शीतकालीन सत्र के दौरान 65 संशोधन अधिनियमों और छह मूल कानूनों को निरस्त करने वाला विधेयक भी पारित किया, जो अब अप्रासंगिक हो चुके हैं। मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025; केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 भी पारित हो गए हैं। संसद ने अनुपूरक अनुदान मांगें (प्रथम चरण), 2025-26 को भी मंजूरी दे दी।*

### जेपीसी और स्टैंडिंग कमेटी को भेजे गए 1-1 बिल

*उच्च शिक्षा नियामक की स्थापना से संबंधित 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025' को दोनों सदनों की संयुक्त समिति के पास भेज दिया गया। बाजार प्रतिभूति संहिता से संबंधित एक अन्य विधेयक भी लोकसभा में पेश हुआ, जिसे स्क्रूटनी के लिए विभागीय स्थायी समिति को भेज दिया गया। इस सत्र के दौरान 300 तारांकित प्रश्न स्वीकार किए गए, जिनमें से 72 का मौखिक उत्तर दिया गया। कुल 3449 अतारांकित प्रश्न भी इस सत्र में स्वीकार किए गए। शून्यकाल के दौरान सदस्यों ने सार्वजनिक महत्व के 408 तात्कालिक मुद्दे उठाए, जबकि नियम 377 के तहत 372 मामलों को उठाया गया। 11 दिसंबर 2025 को शून्यकाल के दौरान 150 सदस्यों ने अपने-अपने मुद्दे सदन में रखे।*

---

# 'भारत विरोधी बयानों का मुकाबला करने के लिए गठित करें एक इकाई'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय (एमईए) को अपने बाह्य प्रचार एवं लोक कूटनीति (एक्सपीडी) प्रभाग के भीतर एक समर्पित संचार और धारणा प्रबंधन इकाई स्थापित करने की सिफारिश की है। इस पैनल का उद्देश्य भारत विरोधी विचारों की निगरानी, विश्लेषण और उनका काउंटर करना है। बांग्लादेशी मीडिया के कुछ वर्गों में लगातार गलत सूचना और भारत विरोधी बयानबाजी के मद्देनजर, यह गुरुवार को लोकसभा में भारत-बांग्लादेश संबंधों का भविष्य विषय पर विदेश मामलों की संसदीय समिति द्वारा प्रस्तुत लेटेस्ट रिपोर्ट में की गई 33 सिफारिशों में से एक है।

रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाले पैनल को बताया कि अन्य मंत्रालयों और एजेंसियों को शामिल करते हुए समन्वित प्रयासों के माध्यम से बांग्लादेश में धारणाओं और विचारों को संबोधित करने के लिए यह नोडल निकाय बना हुआ है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'जल बंटवारे, बाढ़ संबंधी डेटा साझाकरण, सीमा सुरक्षा मुद्दों और साझा संस्कृति, भाषा और धर्म से जुड़ी घटनाओं और संवेदन-शीलताओं जैसे मुद्दों पर रिपोर्टों और सूचनाओं के आधार पर सही तथ्यों का प्रसार किया जाता है और गलतफहमियों को दूर किया जाता है।

**संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय को दिया निर्देश**



*बांग्लादेश को लेकर जताई चिंता : पैनल में बांग्लादेश में चीन की बढ़ती उपस्थिति, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे, बंदरगाह विकास और रक्षा संबंधी सहयोग में पर चिंता व्यक्त की गई और भारत के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया गया, विशेष रूप से सिलीगुड़ी कॉरिडोर और बंगाल की खाड़ी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में।*

### पैनल ने एमईए से की ये सिफारिश

पैनल ने भारत में हसीना के प्रवास पर कहा कि इस संबंध में देश का दृष्टिकोण गंभीर संकट या अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहे व्यक्तियों को शरण देने की उसकी सभ्यतागत नैतिकता और मानवीय परंपरा से निर्देशित है। पैनल ने सिफारिश की है कि सरकार को अपने सैद्धांतिक और मानवीय दृष्टिकोण को बनाए रखना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी स्थितियों को उचित संवेदनशीलता के साथ संभाला जाए।

---

**इंडिगो की उड़ानों में हुई गड़बड़ी पर डीजीसीए ने कहा**

# रिपोर्ट का इंतजार, इंडिगो पर होगी सख्त कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





इंडिगो एयरलाइन में हाल ही में हुई बड़े पैमाने पर उड़ानों की गड़बड़ी को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) अब कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ विस्तृत और सुधारात्मक कार्रवाई होगी। इस महीने की शुरुआत में उड़ानों में हुई गड़बड़ियों के बाद, डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन समय-सारणी में 10 प्रतिशत की कटौती की है।

परिचालन संकट से पहले देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो रोजाना 2,300 फ्लाइट्स ऑपरेट करती थी। अधिकारी ने साफ किया कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य भविष्य में ऐसी तकनीकी और परिचालन संबंधी गड़बड़ियों को दोबारा होने से रोकना है। यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य एयरलाइंस के शेड्यूल पालन की भी निगरानी की जा रही है? इस पर जवाब देते हुए अधिकारी ने कहा 'कोहरे के मौसम और छुट्टियों के सीजन को देखते हुए एयरलाइंस को अधिक जिम्मेदारी से काम करना चाहिए ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। अधिकारी ने कहा हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों'

### इंडिगो सीईओ ने साझा की है भविष्य की रणनीति

इस बीच, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने भविष्य की रणनीति साझा करते हुए कहा कि कंपनी का पूरा ध्यान अब स्थिति को सुधारने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन अब तीन प्रमुख स्तंभों लचीलापन, मूल कारण विश्लेषण और पुनर्निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी का लक्ष्य उन कारणों को जड़ से खत्म करना है जिनकी वजह से उड़ानें बाधित हुईं। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में इंडिगो में अफरा-तफरी का माहौल था। कई दिनों तक लगातार दर्जनों फ्लाइट्स कैंसिल हुई थीं। बड़ी संख्या में लोगों को परेशान होना पड़ा था। अनेक शहरों में अफरातफरी का आलम था।

---

**यूजीसी ने लिस्ट की जारी, इनकी डिग्री नहीं होगी मान्य**

# दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक में चल रही फर्जी यूनिवर्सिटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक में चल रही तीन फर्जी यूनिवर्सिटी को लेकर एक पब्लिक अलर्ट जारी किया है। यूजीसी ने कहा है कि इन तीन विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे स्टूडेंट्स की डिग्रियां न तो निजी सेक्टर की नौकरी में और न ही सरकारी सेक्टर की नौकरी के लिए मान्य होंगी। यूजीसी ने छात्रों के अभिभावकों को इन विश्वविद्यालयों से अलर्ट रहने को कहा है। आयोग का कहना है कि यह विश्वविद्यालय बिना किसी लीगल अप्रूवल के यूनिवर्सिटी के तौर पर काम कर रहे हैं।

### ये हैं वे 3 यूनिवर्सिटी

यूजीसी के नोटिस के मुताबिक, राजधानी दिल्ली की एनआईएमएस, कर्नाटक की सर्व भारतीय शिक्षा पीठ और महाराष्ट्र के नेशनल बैकवर्ड कृषि विद्यापीठ फर्जी विश्वविद्यालय के रूप में काम कर रहे हैं। यूजीसी के मुताबिक, ये संस्थान जो डिग्री दे रहे हैं उनकी कोई मान्यता नहीं है। इन विश्वविद्यालयों के पास भारतीय कानून के तहत डिग्री देने का अधिकार नहीं है।





### आयोग ने छात्रों को दी सलाह

कमीशन ने साफ कहा है कि ऐसे इंस्टीट्यूशन्स से मिली डिग्री वैलिड नहीं हैं। इन विश्वविद्यालयों की क्वालिफिकेशन्स आगे की पढ़ाई, सरकारी भर्ती या प्राइवेट सेक्टर में नौकरियों के लिए स्वीकार नहीं की जाएगी। यूजीसी ने स्टूडेंट्स को कॉलेज या यूनिवर्सिटी चुनते समय सावधान रहने और एडमिशन लेने से पहले हमेशा यह चेक करने की सलाह दी है कि वह संस्थान आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त है या नहीं। यह चेतावनी यूजीसी की अपनी फेक यूनिवर्सिटीज की लिस्ट को अपडेट करने और पब्लिसाइज करने की चल रही कोशिशों का हिस्सा है।

### इस एक्ट के अंतर्गत मिलती मान्यता

*यूजीसी अधिनियम, 1956 भारत में उच्च शिक्षा को नियंत्रित करने वाला प्रमुख कानून है। इसके तहत यूजीसी को विश्वविद्यालयों की निगरानी, शैक्षणिक मानक तय करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का अधिकार मिलता है। इस कानून के अनुसार, केवल वही संस्थान विश्वविद्यालय कहलाने और डिग्री देने के पात्र होते हैं, जो धारा 2(एफ) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त हों, या धारा 3 के तहत डीम्ड यूनिवर्सिटी घोषित हों।*

---

**तिरुपति मंदिर में मुंडन सेवा के लिए बिजनेसमैन की पहल**

# 1.2 करोड़ का ब्लेड दान, लगी 1 हजार नाइयों की ड्यूटी

एजेंसी ▶▶| तिरुपति

हैदराबाद के एक बिजनेसमैन ने टीटीडी को मुंडन की रस्म के लिए 1.2 करोड़ रुपये के ब्लेड दान किए। बी. श्रीधर ने कल्याणकट्टा की सालाना जरूरत को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में आधे ब्लेड दान किए हैं।

एक प्रेस रिलीज में बताया गया, 'हैदराबाद के बिजनेसमैन बी. श्रीधर ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को 1.2 करोड़ रुपये के आधे ब्लेड दान किए हैं।' तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष बी. आर. नायडू ने कहा कि मंदिर बोर्ड हर साल भक्तों के मुंडन में इस्तेमाल होने वाले ब्लेड पर लगभग 1.1 करोड़ रुपये खर्च करता है। उन्होंने कहा कि कल्याणकट्टा में हर दिन लगभग 40,000 आधे ब्लेड इस्तेमाल होते हैं और श्रीधर का यह दान मंदिर की पूरे साल की जरूरत को पूरा करेगा। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड या टीटीडी, दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर, तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है।

**मुंडन के लिए रोज इस्तेमाल होते हैं 40 हजार ब्लेड्स**

**साल भर में दो करोड़ से ज्यादा ब्लेड की पड़ती है जरूरत**



### तिरुपति में मुंडन की परंपरा

टीटीडी तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के आधिकारिक संरक्षक के रूप में काम करता है। मंदिर संगठन 10 कल्याणकट्टा चलाता है, जहाँ तीर्थयात्री मुंडन करवाकर देवताओं को अपने बाल चढ़ाते हैं। यह रस्म दर्शन से पहले मन्नतें पूरी करने या भगवान वेंकटेश्वर के प्रति समर्पण दिखाने के लिए की जाती है। नाई तीर्थयात्रियों के सिर पर पानी और एंटीसेप्टिक का मिश्रण लगाते हैं और हर भक्त को दिए जाने वाले आधे ब्लेड से बाल काटते हैं। टीटीडी मुख्य और नौ छोटे कल्याणकट्टा में काम करता है, और तीर्थयात्रियों का मुफ्त में मुंडन करने के लिए 24/7 शिफ्ट में एक हजार से ज्यादा नाइयों को काम पर रखा है।

### विश्व का सबसे धनी मंदिर

बता दें कि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है, जो विश्व का सबसे धनी हिंदू मंदिर है। इस मंदिर में प्रतिदिन हजारों भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर बाल दान करते हैं, जिसे 'मुंडन सेवा' कहा जाता है।

### चार शेविंग हाल, नौ छोटे कल्याणकट्टा


मुख्य कल्याणकट्टा में चार शेविंग हॉल हैं, जिनमें भक्तों और नाइयों के बैठने के लिए प्लेटफॉर्म, एक वेटिंग रूम और एक व्यवस्थित कतार प्रणाली है। मुंडन से पहले तीर्थयात्रियों को कंप्यूटर से बने टोकन के साथ आधे ब्लेड दिए जाते हैं। गेस्ट हाउस और कॉटेज में रहने वाले तीर्थयात्रियों को आसानी से मुंडन की सुविधा मिल सके, इसके लिए तिरुमाला की खास जगहों पर नौ छोटे कल्याणकट्टा बनाए गए हैं।

---

# शव दफनाने के विवाद पर तनाव के बाद कर्फ्यू, इलाका छावनी में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आमाबेड़ा और बड़ेतेवड़ा क्षेत्र में गुरुवार को हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटना के बाद शुक्रवार 19 दिसंबर को पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा रहा। हालात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया है। गांवों में आने-जाने वालों से लगातार पूछताछ और सघन जांच की जा रही है। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला 19 दिसंबर को आमाबेड़ा और बड़ेतेवड़ा का जायजा लिया। सुरक्षा संभाल रहे अधिकारियों से संवाद भी किया। जानकारी के अनुसार बुधवार को भीम सेना के द्वारा हमला करने पर मांझी एवं अन्य आदिवासी घायल हो गए थे, इसकी खबर फैलते ही आसपास के कई गांवों के आदिवासी समाज के लोग आक्रोशित हो गए। प्रशासन ने नियमों का पालन करते हुए गुरूवार 18 दिसंबर को शव निकाले जाने की प्रक्रिया पूरी करवाई। शव निकाले जाने के बाद गुस्साए आदिवासी लोगों ने चर्च में तोड़फोड़ शुरू कर दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तैनात पुलिस अधिकारी और जवान पर भी हमला कर दिया। हालात बेकाबू होते देख पुलिस को आत्मरक्षा में लाठीचार्ज करना पड़ा। इसके बाद देर रात तक तनाव का माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस और प्रशासन की सक्रियता से रात में स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आई।



# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

## लाइफ Style

# राधिका
# मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती



राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इवांस की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इवांस) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर-इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

## टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।




# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज़ प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

**मुंबई।** आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ▶▶| मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।